NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 159 लखनऊ, शनिवार 25 जनवरी 2025 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## सीएम योगी बोले मोईद के भक्तों को नहीं, राष्ट्रवादियों को जिताना है चुनाव, इन जगहों के नाम बदले के दिए संकेत

संवाददाता

लखनऊ–मिल्कीपुर उपचुनाव में वोट मांगने पहुंचे सीएम योगी ने भदरसा रेप कांड के आरोपी मोईन खान पर सीधा हमला किया। उन्होंने हैरिंग्टनगंज का नाम बदलने का संकेत दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भदरसा में दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, उसके साथ फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। इसीलिए कहते हैं कि देख सपाई, बिटिया घबराई। मिल्कीपुर में मोईद खान के भक्तों को नहीं राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। सीएम योगी शुक्रवार को मिल्कीपुर के हैरिंग्टनगंज में पलिया चौराहे के पास खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उमड़ी भीड़ से उन्होंने कहा कि भदरसा में दलित बेटी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान को सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा है। ये वही लोग हैं, जो डीएनए जांच कराने के नाम पर उसे बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देते हैं। यही सपा और उनके नेताओं का वास्तविक चरित्र है। भदरसा नगर पंचायत का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबरदस्ती



यहां नहीं चलती है। यहां दलित और गरीब की सुनवाई होगी, माफिया–अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव के नाम पर है। इसका उन्नयन किसी से छिपा नहीं है। हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए। सपाई गुलामी की मानसिकता को लेकर चलें, लेकिन हम राम–कृष्ण, बाबा विश्वनाथ व सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। आज दुनिया वाले अयोध्या के लोगों को गले लगाते हैं। पीएम मोदी के विजन के कारण यह सम्मान मिल रहा है। सपा का बस चलता तो अयोध्या से आपका नाम भी हटा देती। सीएम योगी ने कहा कि सपा ने पूरी ताकत लगाई थी कि गुलामी के ढांचे को कोई टस से मस न कर सके, लेकिन हम लोग कहते थे कि यह हटेगा जरूर। हमारे वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र का निरंतर विकास किया। भाजपा में परिवारवाद व जातिवाद नहीं, सिर्फ राष्ट्रवाद है। भाजपा कार्यकर्ता का सब कुछ देश के लिए है। इसीलिए अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी। यहां की सड़कें फोर और सिक्स लेन हो गईं। राम की पैड़ी की सूरत बदल दी। दीपोत्सव राम की नगरी को नई पहचान दे रहा है। अब मिल्कीपुर के सपूत को विधायक बनाकर अयोध्या की तरह मिल्कीपुर का भी विकास करेंगे। भाजपा सरकार में विकास के लिए पैसों की कमी आड़े नहीं आएगी। मिल्कीपुर विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव का संदेश बहुत दूर तक जाएगा। इसे अयोध्या धाम के संदेश में बदलना है। उपचुनाव के बाद यहां से निकला संदेश पूरे देश में गूंजेगा। इस पर हर किसी की नजर है। ऐसे में यहां के लोगों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हाल में हुए उपचुनाव में नौ में से सात सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को इस उपचुनाव का भी रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर–घर जाना है और सपा अयोध्या की दुश्मन है, यह बताना है। जनसभा में प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर मिश्र दयालु, गिरीश चंद्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्त, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, अवनीश पटेल, हरिओम पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय, अभिषेक मिश्र, ऋषिकेश उपाध्याय व हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे।

## विपक्षी सांसदों ने स्पीकर को लिखा पत्र, जगदंबिका पाल पर लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी।

नई दिल्ली पत्र में लिखा गया है कि हितधारकों द्वारा उठाए गए मुद्दों को समग्र तरीके से संबोधित करने के लिए जेपीसी द्वारा एक व्यापक अध्ययन की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्यों ने माननीय अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र सौंपा है, जिसमें उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि जेपीसी अध्यक्ष पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से कार्यवाही संचालित करें। पत्र में कहा गया है कि आज सुबह 11 बजे जब बैठक शुरू हुई तो हम विपक्ष के सदस्यों ने सभापति के कामकाज के संचालन के तरीके के खिलाफ पूरे सम्मान के साथ अपनी आवाज उठाई। हमने नियमों में विचारित उचित प्रक्रिया की अनदेखी करके जेपीसी के कामकाज के एकतरफा और अनुचित तरीके पर प्रकाश डाला। विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया है कि चूंकि 24 और 25 तारीख को बैठक के लिए निर्धारित नोटिस दिया गया था, इसलिए हम सदस्यों ने 31 तारीख को संसद सत्र शुरू होने के कारण 27 से 30 तारीख तक निर्वाचन क्षेत्रध्राज्यों में अपने कार्यक्रम तैयार किए और इस तरह 27वीं बैठक को स्थगित करने के लिए प्रार्थना की। जबकि हमने इन उचित दावों को सभ्य



तरीके से अध्यक्ष के सामने रखा, लेकिन उन्होंने जवाब देने का प्रयास भी नहीं किया। जैसा कि हम सभी ने अपमानित महसूस किया, हम खड़े हुए और अपनी मांगों को सुनने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई। इसी बीच चेयरमैन ने किसी से फोन पर बात की और अचानक और आश्चर्यजनक रूप से चिल्लाते हुए उन्होंने हमारे निलंबन का आदेश दे दिया। पत्र में लिखा गया है कि हितधारकों द्वारा उठाए गए इन मुद्दों को समग्र तरीके से संबोधित करने के लिए जेपीसी द्वारा एक व्यापक अध्ययन की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। इन परिस्थितियों में अध्यक्ष द्वारा बिना सोचे समझे जेपीसी की कार्यवाही में जल्दबाजी करना छिपी हुई दुर्भावना से भरी एक पहेली के अलावा और कुछ नहीं है। हमारी राय है कि जेपीसी के अध्यक्ष के पास समिति के सदस्यों को निलंबित करने की शक्ति नहीं है। इसलिए प्रार्थना की जाती है कि जेपीसी के अध्यक्ष को कार्यवाही को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया जाए। सभापति को 27वीं बैठक स्थगित कर देनी चाहिए ताकि विपक्षी सदस्यों को संसद के लोकतंत्र को सुनिश्चित करने के लिए नियमों और प्रक्रिया से विचलित हुए बिना हमारी दलीलोंध्दावों को रखने के लिए पर्याप्त समय और अवसर मिल सके, जिस पर राष्ट्र को अभी भी विश्वास है। वहीं, सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि संवैधानिक परंपराओं का पालन नहीं किया जा रहा है। वक्फ संशोधन विधेयक वक्फ को बचाने के लिए नहीं बल्कि उसे नष्ट करने के लिए है। वे अपने राजनीतिक एजेंडे के तहत विधेयक पेश कर रहे हैं। रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा मुसलमानों के धार्मिक मामले वक्फ की हमारी अवधारणा को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ऐसा लगता है जैसे यह लोकतांत्रिक मूल्यों का अंत है और हम संविधान का पालन नहीं कर रहे हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना में निहित समानता को खत्म किया जा रहा है।

वक्फ बिल जेपीसी के सदस्य और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि स्पीकर क्या करेंगे? पूरा शो दो लोगों द्वारा चलाया जा रहा है। जो लोग हर जगह बैठे हैं, उनके पास कुछ भी करने की शक्ति नहीं है। डीएमके सांसद ए राजा ने कहा कि हम सब कुछ रिकॉर्ड पर और देश के दिमाग में दर्ज करना चाहते हैं। लोगों को पता होना चाहिए कि पीएम मोदी के शासन में इस देश में संसदीय प्रणाली कैसे काम कर रही है।

## डीजीपी ने किया आगाह, गणतंत्र दिवस पर प्रतिबंधित–आतंकवादी संगठनों पर रखें पैनी नजर

संवाददाता।

लखनऊ डीजीपी प्रशांत कुमार ने गणतंत्र दिवस की सुरक्षा के मद्देनजर प्रतिबंधित संगठनों और आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज, जिलों के पुलिस कप्तान और रेलवे अधिकारियों को गणतंत्र दिवस और महाकुंभ के दृष्टिगत उच्च स्तर की सतर्कता बरतने को कहा है। डीजीपी ने निर्देश में कहा कि प्रदेश एवं जिलों के समस्त प्रवेश द्वारों पर लगातार चेकिंग की जाए। सभी सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखा जाए। गणतंत्र दिवस के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, आयोजनों यथा तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, झांकी आदि के आयोजकों से पूर्व से ही वार्ता कर भीड़ का आंकलन करके पर्याप्त सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। मार्ग में पड़ने वाली इमारतों पर रूफ–टॉप ड्यूटी भी लगाएं। रेलवे, मेट्रो, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, सिनेमाहाल, मल्टीप्लेक्स, शॉपिंग मॉल, होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, भीड़–भाड़ वाले स्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जाएं तथा एंटी सबोटॉज चेकिंग कराई जाए। रेल, सड़क एवं हवाई आवागमन पर विशेष सतर्कता बरती जाए। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों के साथ समन्वय बनाए रखा जाए। माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हैंगग्लाइडर, ड्रोन एवं अन्य मानव रहित विमानों की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। नियमों के विपरीत इनकी उड़ान



प्रतिबंधि की जाए। एलआईयू को हाई अलर्ट पर रखने के साथ सोशल मीडिया टीमें सभी प्लेटफार्म की निगरानी करें। मुख्यालय की सोशल मीडिया टीम से समन्वय बनाकर आपत्तिजनक एवं भ्रामक पोस्ट का तत्काल संज्ञान लेकर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। असलहा एवं विस्फोटक पदार्थों आदि की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए स्थायी चेक पोस्ट के अलावा अस्थायी चेक पोस्ट बनाई जाए। राजपत्रित अधिकारियों द्वारा उच्च सतर्कता बरती जाए और नियमित चेकिंग, प्रभावी फुट पेट्रोलिंग एवं अधिक से अधिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया जाए।

महाकुंभ के अन्य अमृत स्नान के दृष्टिगत पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

## सीएम योगी बोले- जीरो पावर्टी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

संवाददाता।

उत्तर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ लखनऊ के अवधा शिल्प ग्राम में हुआ। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई–पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश के छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस




पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। बीते 10 दिनों में देश–विदेश से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के सानिध्य में गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। यह श्रद्धालु यहां से देशभर में एकता का संदेश लेकर जा रहे हैं।सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान 26 नवंबर 1950 को संविधान सभा को सौंपा गया था। इस संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। यह दिन हमारे लिए गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे श्नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवधश और 1937 में श्यूनाइटेड प्रोविंसेजश नाम दिया गया। अंततः 24 जनवरी 1950 को इसे श्उत्तर प्रदेशश के नाम से पहचाना गया। आज यह प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक जी के मार्गदर्शन में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने 7वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उत्तर प्रदेश ने इस दौरान कई योजनाओं की शुरुआत की। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (व्क्व्) योजना लागू की गई। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई। अलग–अलग वर्षों में अन्य योजनाओं को भी प्रारंभ किया गया। सीएम योगी ने कहा कि आज के इस अवसर पर महामहिम उपराष्ट्रपति के कर कमलों से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में घ्5 लाख तक का ऋण और दूसरे चरण में घ्10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा।

## जगन रेड्डी के करीबी सहयोगी विजयसाई रेड्डी ने दिया राज्यसभा से इस्तीफा, राजनीति भी छोड़ने का किया ऐलान

एजेंसी।

नई दिल्ली संसदीय दल के नेता के रूप में राज्यसभा में फ्लोर लीडर के रूप में, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में, मैंने पार्टी और राज्य के हितों के लिए ईमानदारी से और अथक परिश्रम किया है। मैंने केंद्र और राज्य के बीच एक सेतु का काम किया है. लगभग नौ वर्षों तक मुझे प्रोत्साहित करने, मुझे अपार शक्ति और साहस देने और तेलुगु राज्यों में मुझे पहचान दिलाने के लिए प्रधान मंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को विशेष धन्यवाद। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले विजयसाई रेड्डी ने राजनीति छोड़ने और राज्यसभा से इस्तीफा देने का फैसला



किया है। विजयसाई रेड्डी वाईएसआरसीपी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। एक्स पर अपने लंबे पोस्ट में रेड्डी ने कहा कि मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। मैं कल 25 तारीख को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होऊंगा। मैं किसी अन्य पद, लाभ की उम्मीद में इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं वाईएस परिवार का आभारी हूं, जिन्होंने चार दशकों और तीन पीढ़ियों तक मुझ पर विश्वास किया और मेरा समर्थन किया मुझे अवसर देने के लिए दो बार राज्यसभा सदस्य बनने और मुझे इतने ऊंचे स्तर तक ले जाने के लिए मैं जगन गारू को शुभकामनाएं देता हूं। संसदीय दल के नेता के रूप में राज्यसभा में फ्लोर लीडर के रूप में, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में, मैंने पार्टी और राज्य के हितों के लिए ईमानदारी से और अथक परिश्रम किया है। मैंने केंद्र और राज्य के बीच एक सेतु का काम किया है. लगभग नौ वर्षों तक मुझे प्रोत्साहित करने, मुझे अपार शक्ति और साहस देने और तेलुगु राज्यों में मुझे पहचान दिलाने के लिए प्रधान मंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को विशेष धन्यवाद। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि टीडीपी के साथ उनके राजनीतिक मतभेद हैं, लेकिन चंद्रबाबू नायडू के परिवार के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। तेदेपा के साथ मेरे राजनीतिक मतभेद हैं। चंद्रबाबू के परिवार के साथ मेरा कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। पवन कल्याण के साथ मेरी लंबे समय से मित्रता है।

## गणतंत्र दिवस जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सुबह तीन बजे शुरू होंगी मेट्रो सेवाएं

एजेंसी।

नई दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारिया जोरो पर है। राजधानी में अर्द्धसैनिक बलों की 70 से अधिक कंपनियों और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं, दिल्ली मेट्रो भी रविवार को तड़के तीन बजे अपनी सेवाएं शुरू करेगी ताकि लोगों को कर्तव्य पथ तक पहुंचने में सुविधा हो। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। गणतंत्र दिवस परेड 2025 और अन्य समारोहों में शामिल



होने वाले अधिकतम यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर संशोधित कार्यक्रम का पालन किया जाएगा। एक आधिकारिक अधिसूचना में, मेट्रो अधिकारियों ने यात्रियों को सूचित किया कि ट्रेनें सुबह 6 बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर चलती रहेंगी। यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। डीआरएमसी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसके बाद ट्रेनें अपनी सामान्य दिनचर्या में वापस आ जाएंगी। आधिकारिक बयान के मुताबिक देश भर में गणतंत्र दिवस के उत्सव के बीच दिल्ली मेट्रो रविवार को सुबह तीन बजे सभी लाइनों पर अपनी सेवाएं शुरू कर देगी, ताकि लोग कर्त्तव्य पथ तक पहुंच सकें और वहां आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड और समारोह देख सकें।

## प्रदेश में डेयरी विकास को प्रोत्साहन116.025 लाख की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी निवेश कार्यक्रम के तहत जिला योजना के लिए 116.025 लाख रुपये (एक करोड़ सोलह लाख दो हजार पांच सौ) की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष की द्वितीय किश्त के रूप में दी गई है।यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, मेरठ, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच और गोंडा जैसे जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।दुग्ध विकास विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए संबंधित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी और आहरण वितरण अधिकारी को योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी दिशा–निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया है।शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण और व्यय योजना के समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों और शासनादेश में उल्लिखित प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में डेयरी उद्योग को सशक्त बनाना

## कांग्रेस का संविधान महासम्मेलन जय बापू–जय भीम–जय संविधान कार्यक्रम में भाजपा पर हमला

लखनऊ(आरएनएस ) आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम रेहरया, पोस्ट सोनौली, ब्लाक–बनीकोडर, विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद, जनपद बाराबंकी में ''जय बापू–जय भीम–जय संविधान'' कार्यक्रम के तहत संविधान महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय, बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया, तथा प्रदेश के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य श्री अब्दुल्ला शेर खां ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।इस दौरान अजय राय ने कहा कि ''जय बापू–जय भीम–जय संविधान'' कार्यक्रम की आवश्यकता आज इसीलिए पड़ी है क्योंकि जबसे भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से बाबा साहब अंबेडकर के संविधान पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का उद्देश्य संविधान को बदलकर आरएसएस की विचारधारा को लागू करना है। राय ने यह भी कहा कि भाजपा नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर और संविधान से नफरत है, और इसी कारण से गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहब का अपमान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे और भाजपा को आगामी चुनावों में जनादेश से यह सिखाएंगे कि संविधान देश के मूल में है।सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि राहुल गांधी इस देश में सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र के लिए खतरा उत्पन्न कर रही है। पुनिया ने कहा कि भाजपा संविधान को बदलकर नफरत और अन्याय की नीति लागू करना चाहती है, और कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ मजबूती से लड़ाई जारी रखेगी।इस कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य ललन कुमार, बाराबंकी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष मोहसिन खान, राजेन्द्र प्रताप सिंह, भानू वर्मा, पिंटू शुक्ला, भस्म प्रसाद मिश्रा, मिथलेश गौतम समेत कई अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे।

## कुंभ मेला के सेक्टर 7 के आकाश में दिखेगा संस्कृति का संगम

प्रयागराज महाकुम्भ (विनोद द्विवेदी – जिला संवाददाता) कुंभ मेला के सेक्टर 7 में 24 से 26 जनवरी तक आकाशीय ड्रोन शो का नजारा दिखाया जाएगा। इस ड्रोन शो में एक साथ सैकड़ों ड्रोन आकाश में विभिन्न आकृतियों का निर्माण करेंगे।गणतंत्र दिवस के लिए पर्यटन विभाग ने विशेष तैयारी की है। महाकुम्भ में तकनीक और सांस्कृतिक संगम के अद्भुत प्रदर्शन की तैयारी मेला प्रशासन के द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गुरुवार की शाम सेक्टर–7 में ड्रोन शो का रिहर्सल किया गया। शो में ड्रोन एक साथ आकाश में उड़कर विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाकुम्भ के महत्व को दर्शाने वाले दृश्य ड्रोन के माध्यम से आकाश में उकेरे जाएंगे। रोशनी और संगीत के समन्वय का यह नजारा मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। ड्रोन शो को लेकर प्रशासन ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। शो के रिहर्सल के दौरान स्थानीय प्रशासन, पुलिस और पर्यटन विभाग ने आपसी समन्वय से सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्था का जायजा लिया।



## 'सर्वधर्म समभाव 'वसुधैव कुटुम्बकम् एवं 'जय जगत' का संदेश देगी सी.एम.एस. झाँकी

'सर्वधर्म समभाव 'वसुधैव कुटुम्बकम् एवं 'जय जगत' का संदेश देगी सी.एम.एस. झाँकी लखनऊ, 24 जनवरी। 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है' की भावना से लबरेज सिटी मोन्टेसरी स्कूल की अनूठी झाँकी गणतन्त्र दिवस परेड में जनमानस को 'सर्वधर्म समभाव', 'वसुधैव कुटुम्बकम्' एवं 'जय जगत' का संदेश देगी। चारबाग में रवीन्द्रालय स्थित झाँकी स्थल पर आज आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह झाँकी पत्रकारों को दिखाई गई। इस अवसर पर झाँकी के विभिन्न पहलुओं से पत्रकारों को अवगत कराते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने बताया कि यह झाँकी समाज में खुशहाली व समृद्धि का संदेश प्रसारित कर रही है एवं एकता, शान्ति, सद्भाव व सौहार्द पर आधारित विश्व व्यवस्था की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गणतन्त्र दिवस परेड में सी.एम.एस. की यह झाँकी जनमानस के विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. की यह झाँकी मात्र प्रदर्शन भर के लिए नहीं है अपितु इसके पीछे एक उद्देश्य है कि धार्मिक एकता व सामाजिक एकता मानवता के विकास की धुरी है। ऐसे में, सी.एम.एस. की यह झाँकी प्रेम, प्यार, सहयोग, सौहार्द व भाईचारा से ओतप्रोत विश्व व्यवस्था का आह्वान करती है और इस धरती पर आध्यात्मिक सभ्यता की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करती है। झाँकी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रो. किंगडन ने बताया कि सी.एम.एस. की झाँकी चार भागों में हैं और सभी भाग अनूठे ढंग से 'विश्व एक परिवार' का संदेश दे रहे हैं। प्रथम भाग में एक ग्लोब के ऊपर प्रभु श्री राम, महात्मा बुद्ध, ईसा मसीह, मोहम्मद साहब, गुरू नानक देव एवं बहाउल्लाह आदि विभिन्न धर्मावतारों को प्रदर्शित करते हुए संदेश दिया गया है कि सभी धर्मों का स्रोत एक ही परमपिता परमात्मा है। झाँकी के द्वितीय भाग मं अनेकता में एकता प्रदर्शित करते हुए एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थल दिखाये गये हैं।




## जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह एक दिवसीय संगोष्ठी में जयशंकर प्रसाद के साहित्य पर विचार-विमर्श

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह के अवसर पर 24 जनवरी 2025 को हिन्दी भवन के निराला सभागार, लखनऊ में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य के विद्वानों और साहित्यप्रेमियों ने जयशंकर प्रसाद के साहित्यिक योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए।डॉ. रामकृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि जयशंकर प्रसाद ने अपने नाटकों, जैसे ध्रुवस्वामिनी, चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त और अजातशत्रु, के माध्यम से भारतीय इतिहास को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। उनकी कालजयी रचना कामायनी में मानवीय संवेदनाओं और भारतीय संस्कृति की गहन झलक मिलती है। उन्होंने छायावाद के तत्वों के साथ पौराणिकता और आधुनिकता का अद्वितीय सामंजस्य स्थापित किया। प्रसाद का साहित्य सुख–दुख के संतुलन को व्यक्त करता है और मानव संस्कृति का संदेश देता है।डॉ. हरिशंकर मिश्र ने जयशंकर प्रसाद को आधुनिक हिन्दी साहित्य का शिखर पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि प्रसाद ने साहित्य में उच्च मानदंड स्थापित किए और साहित्य को स्थूल से सूक्ष्म की ओर प्रेरित किया। उनकी रचनाएँ जैसे कामायनी, प्रेम, श्रद्धा और विश्वास के तत्वों का संगम हैं। प्रसाद ने अपने साहित्य के माध्यम से सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया।कार्यक्रम के दौरान निदेशक ने कहा कि जयशंकर प्रसाद ने हिन्दी काव्य में प्रेम, सौंदर्य, करुणा, वेदना और मानवता के संदेश को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। उनकी रचनाएँ, जैसे चित्राधार, प्रेम पथिक, झरना, लहर, और कामायनी, साहित्य जगत में कालजयी स्थान रखती हैं। वे छायावाद के स्तंभों में अमिट छाप छोड़कर अमर हो गए।संगोष्ठी का संचालन डॉ. अमिता दुबे, प्रधान संपादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने किया। उन्होंने सभी साहित्यकारों, विद्वानों और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में साहित्यप्रेमियों ने प्रसाद की कालजयी रचनाओं पर चर्चा की और उनके योगदान को नमन किया।

## दर्शनार्थियों की इनोवा कार ट्रक में घुसी, बुजुर्ग की मौत छः घायल

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी–जिला संवाददाता) फाफामऊ थाना क्षेत्र के रुदापुर पुर गांव के सामने हाइवे पर गुरुवार की सुबह अयोध्या दर्शन करने जा रही दर्शनार्थियों से भरी इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क बगल खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गई जिससे कार में सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार पर बैठे एक ही परिवार के छः लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में मृतक बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और घायलों को इलाज हेतु स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक उदय नगर छतर पुर मध्य प्रदेश के चंद्रप्रकाश गोस्वामी 40 वर्ष अपने परिवार के साथ अपनी इनोवा कार से परिवार सहित अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। गुरुवार को सुबह करीब 7 बजे जैसे फाफामऊ थाना क्षेत्र के रुदा पुर गांव के सामने हाइवे पर पहुंचे तभी गाड़ी के सामने जानवर आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क के बगल खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में बैठे कालका प्रसाद 76 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार पर बैठे अन्य लोगों में परिवार की ऊषा देवी 70 वर्ष, रोशनी 39 वर्ष, शिवा गोस्वामी 34 वर्ष, चन्द्र प्रकाश 40 वर्ष, पारस 12 वर्ष, अभिमन्यु 2 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक कालका प्रसाद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घायलों को इलाज हेतु स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया है।

## जिसने स्वयं को जीत लिया वही वीर है–मुरारी बापू

प्रयागराज महाकुंभ (विनोद द्विवेदी– जिला संवाददाता) महाकुंभ प्रयागराज की दिव्य धारा पर 18 जनवरी से 26 जनवरी तक दिव्य श्री रामकथा का गायन श्रीराम कथा मर्मज्ञ, राष्ट्रसंत, परम पूज्य संत मोरारी बापू जी के द्वारा किया जा रहा है।इस कथा का आयोजन परमार्थ त्रिवेणी पुष्प , अरैल घाट स्थित पूज्य स्वामी श्री चिदानंद सरस्वती जी के पंडाल में किया जा रहा है। पूज्य सतु–आ बाबा, पूज्य साध्वी भगवती सरस्वती जी और पूज्य संतों के पावन सान्निध्य में आज के कथा क्रम में बापू ने कहा कि जिसने अपने आपको जीत लिया है वास्तव में सच्चा वीर वही है। प्रयागराज की श्रेष्ठता का वर्णन करते हुए बताया कि प्रयाग भूमि संतो की भूमि है। आध्यात्मिक उन्नति, भक्ति और शांति की इस अनमोल यात्रा का अंग बनना और श्रीराम कथा के दिव्य ज्ञान से अपने हृदय को शांति और प्रेम से ओतप्रोत करना ही कुंभ आगमन का फल है। इस दिव्य आयोजन का आज सप्तम दिवस था।



## सश्वलिटेयर वैली के पूल में उतराता मिला अधेड़ का शव

कसेंदा, कौशाम्बी। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्रों के जलालपुर घोसी गांव के समीप सॉलिटेयर वैली कालोनी के बाहर बना पूल में शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव उतराता हुआ मिला। शव मिलने की जानकारी के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश की पहचान कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। जलालपुर घोसी गांव के समीप स्थित ससुर खदेरी नदी के पुल के पास सॉलिटेयर वैली कालोनी की गेट के समीप डेकोरेशन के लिए एक पूल में फौवरा बनाया गया है। जिसमें पानी भरा है। सुबह गेट पर तैनात गार्ड ने पानी भरे पूल में एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। जिसके बाद कालोनी और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लाश हरे रंग की शर्ट, लाल और काले रंग की जैकेट, नीला जींस पहने हुआ था।

## मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में मेला क्षेत्र में अनाधिकृत गैस सिलेंडर के खिलाफ चलाया गया अभियान

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी–जिला संवाददाता) बीते दिनों घटित आगजनी की घटना के मद्देनजर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में अग्निशमन विभाग ने छोटे अनाधिकृत गैस सिलेंडरों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। पिछले दो दिनों में मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में मेला क्षेत्र से ऐसे 100 से अधिक गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया है।महाकुम्भ मेला में छोटे गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण हो रही अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक अभियान छेड़ा गया है। इन सिलेंडरों को ध्वस्त किया जाएगा और इनसे एक कलाकृति श्सुरक्षा अमृत कलशश बनाया जाएगा।

## कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित

लखनऊ(आरएनएस ) आज भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षक और बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने स्व. कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर श्री सिंह ने कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म समस्तीपुर के पितौंझिया गांव में हुआ था, जिसे अब कर्पूरी ग्राम के नाम से जाना जाता है। श्री सिंह ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर जी ने 1940 में पटना विश्वविद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा द्वितीय श्रेणी में पास की और फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। इस आंदोलन के दौरान उन्हें 26 महीने तक भागलपुर के कैंप जेल में कड़ी यातनाएं झेलनी पड़ीं, लेकिन 1945 में उन्हें रिहा किया गया। इसके बाद, 1948 में उन्होंने आचार्य नरेन्द्र देव और जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में समाजवादी दल में प्रवेश किया और प्रादेशिक मंत्री के रूप में कार्य किया।श्री सिंह ने आगे कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी का जीवन दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित था। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने उन्हें जनमानस में एक आदर्श बना दिया। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा, क्योंकि उन्होंने राज्य के विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा, प्रो. आर.बी. बौद्ध, चेतराम भारती, हर्ष, तुषार, सुबोध सहाय, ओ.पी. शर्मा, देवेन्द्र सिंह चौहान आदि ने भी श्री कर्पूरी ठाकुर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू करे सरकार

लखनऊ, 24,जनवरी 2025, पसमांदा मुस्लिम समाज कार्यालय स्थित लालबाग में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अनीस मंसूरी जी की अध्यक्षता में कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी से पूर्व स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पअर्पित कर खिराजे अकीदत पेश करते हुए उनकी 101वीं जयंती की मुबारकबाद दी।श्री अनीस मंसूरी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा की भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री थे।लोकप्रियता के कारण उन्हें श्जननायकश कहा जाता है। 24 जनवरी 2024को भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिकसम्मान भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा कीऐसे थे भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ... दो बार सी,म रहे, तीन दशक तक सियासत की... फिर भी वसीयत में सिर्फ झोपड़ी छोड़ गए थे

सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की आज 101वीं जन्म जयंती है. एक वर्ष पहले ही भारत सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा की है. दिवंगत कर्पूरी ठाकुर अपने सागदीपूर्ण जीवन के कारण जननायक के नाम से मशहूर थे।अपने जीवन में उन्होंने एक चुनाव के अलावा सारे चुनावों में जीत हासिल की. इस रिकॉर्ड से ज्यादा शानदार है उनकी सादगी और संघर्ष का रिकॉर्ड. श्री अनीस मंसूरी ने कहा कि संघर्षों के बीच उनकी राजनीति निखरती गई, उनके निजी गुण सबके सामने आते गए और उनके बुनियादी राजनीतिक विचारों की स्वीकार्यता बढ़ती चली गई.श्री अनीस मंसूरी ने कहा कि स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, मजलूमों, पिछड़ों, और अति पिछड़ों के उत्थान के लिए समर्पित किया था केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि पुरे देश में कर्पूरी ठाकुर को आदर्श मानते हुए कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू करे।



## आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस )। मारपीट, गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत कोड़रा मांदूपुर तेजगढ़ गांव की नीलम दुबे पत्नी बृजकिशोर दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच नवंबर को दोपहर में गांव के शिव नारायण की पत्नी अनीता तथा पुत्रियां रागिनी व शिवानी व सरिता पत्नी राकेश एवं पूजा पुत्री राकेश ने दरवाजे पर पहुंचकर उसके पति के साथ मारपीट किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इससे पूर्व सत्ताईस दिसंबर 2024 को सुबह भी आरोपी राकेश के पुत्र चंद्रप्रकाश, अनीता, सरिता ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## वांछित धरा, गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस )। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा गिरीशधर दुबे शुक्रवार की सुबह पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिरी सूचना पर वांछित रामअधार वर्मा पुत्र नंदू वर्मा निवासी गोसांई का पुरवा दादू पूरन सिंह को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। एसओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## प्रयागराज महाकुंभ 144 वर्षों बाद दुर्लभ संयोग में ड्रोन शो का भव्य आयोजन

लखनऊ (आरएनएस ) के महाकुंभ में 144 वर्षों बाद एक अद्वितीय संयोग में शुक्रवार को प्रदेश के सबसे बड़े ड्रोन शो का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने देर शाम आकाश में 2,500 ड्रोन की मदद से समुद्र मंथन का जीवंत चित्रण देखा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित यह विशाल ड्रोन शो शनिवार और रविवार को भी प्रस्तुत किया जाएगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मेला क्षेत्र में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और आधुनिक तकनीकी का अनूठा समन्वय देखने को मिला। नीली रोशनी से आकाश जगमगा उठा और रंग–बिरंगे धार्मिक प्रतीकों की अद्भुत छटा ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर–7 में ड्रोन शो का शुभारंभ शंख ध्वनि के साथ हुआ। आकाश को विशाल कैनवास में बदलते हुए महाकुंभ की गाथा को अनोखे रूप में प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने समुद्र मंथन के महाकाव्य को ड्रोन के माध्यम से सजीव होते देखा।पर्यटन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने महाकुंभ मेले को वैश्विक तीर्थ स्थल का रूप दिया है। मेला क्षेत्र में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात प्रबंधन और महिला सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है।त्रिवेणी संगम में स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर स्नान आत्मा की शुद्धि और भगवान के साथ एकाकार होने का अनुभव प्रदान करता है। यहां का हर जल कण समृद्धि, आस्था और तात्विक शक्ति से परिपूर्ण है।ड्रोन शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने परंपरा और प्रौद्योगिकी का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। यह प्रयास उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर है। मंत्री ने कहा कि राज्य ने प्राचीन परंपराओं को संरक्षित करते हुए आधुनिकता और नवाचार में अग्रणी स्थान हासिल किया है।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कला कुंभ परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ (आरएनएस ) कला कुंभ परिसर, सेक्टर–07 में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नव्व केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक धरोहर और समृद्ध परंपराओं के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।उन्होंने इस वर्ष की स्थापना दिवस की थीम शविकास व विरासतरू प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशश को राज्य की प्रगति को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण संकल्प बताया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह थीम प्रदेशवासियों को अपनी विरासत पर गर्व करने और विकास की ओर दृढ़ता से बढ़ने की प्रेरणा देती है।कार्यक्रम के दौरान कला कुंभ परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश की प्रगति और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें उप मुख्यमंत्री ने रुचि के साथ अवलोकन किया।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस )। क्षेत्र के पूरे वंशी में हो रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के विश्राम के बाद शुक्रवार को हवन पूजन व भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में उमड़े श्रद्धालुओं ने भगवान वासुदेव के पूजन का प्रसाद ग्रहण कर लोकमंगल की कामना किया। भण्डारे के दौरान महिलाओं के भजन संकीर्तन से माहौल और भक्तिमय बना दिखा।

कथा आचार्य अतुल जी महराज ने कहा कि कई जन्मों के पुण्य प्रताप के बाद श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन और कथा के श्रवण का सुअवसर प्राप्त हुआ करता है। भण्डारे का आयोजन कुन्ती देवी पत्नी स्व. त्रिभुवन नाथ दुबे तथा संयोजन ज्योति प्रसाद दुबे ने किया। स्वागत कुलदीप दुबे एवं रामेन्द्र दुबे ने आभार जताया। भण्डारे में सुधीर मिश्र, आशीष दुबे, धर्मेन्द्र दुबे उर्फ बब्बू, विकास तिवारी, महेन्द्र तिवारी उर्फ कल्लू ने प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर राकेश कुमार शुक्ल, रामेन्द्र प्रसाद तिवारी, गंगेन्द्र प्रसाद तिवारी, श्रेयश तिवारी, अर्नव तिवारी, शुभ तिवारी, आदर्श दुबे आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 25 जनवरी 2025
sheelshukla100@gmail.com


# आईडीबीआई बैंक के सहयोग से डेस्क बेंच पाकर बच्चे हुए प्रफुल्लित

सुलतानपुर(आरएनएस )। आज प्राथमिक विद्यालय रामदासपुर कूरेभार में बच्चों के बैठने के लिए अनिल पंचवाल प्रबंधक आईडीबीआई बैंक पखनपुर के सहयोग से 23 डेस्क बेंच का प्रबंध किया गया। आज बच्चों को डेस्क बेंच समर्पित करते हुए आईडीबीआई बैंक मुख्य शाखा सुल्तानपुर के प्रबंधक शेखर कुमार ने बच्चों और विद्यालय परिवार को डेस्क बेंच समर्पित किया। आपने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी बैंक द्वारा शिक्षण व्यवस्था संवर्धन में सहयोग होता रहेगा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आप दोनों सम्मानित प्रबंधकों द्वारा दो आम के पौधे धरती माता की गोंद में समर्पित किए गए। मनोज प्रभाकर सिंह प्रधान अध्यापक ने अनिल पंचवाल, शेखर कुमार और आईडीबीआई बैंक परिवार का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद किया और हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बच्चों की खुशी परिलक्षित हो रही थी और लग रहा था जैसे बहुत दिनों बाद ही सही लेकिन सम्मानित हो गए।

इस अवसर पर विद्यालय के सहयोगी शिक्षक परिवार के साथ अनिल सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, अनिल श्रीवास्तव प्र अ बेलगरा, रश्मि बाला सिंह प्र अ सरवन, आलोक सिंह प्र अ कसमऊ, रवि सौरभ स अ सरवन भी उपस्थित रहे और बैंक परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किए।

# सत्यम को मिला नेशनल यूथ इंस्पिरेशन अवार्ड



सुल्तानपुर(आरएनएस )। नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सत्यम चौरसिया को दिल्ली के एलटीजी ऑडिटोरियम में भारतीय युवा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम में नेशनल यूथ इंस्पिरेशन अवार्ड–2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देश सेवा और राष्ट्र प्रेम की भावना से अपने कार्यक्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए दिया गया। सत्यम चौरसिया ने कोरोना काल के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनमें भोजन वितरण, असहायों की मदद, यातायात, मतदान जागरूकता, नशा मुक्ति,और पर्यावरण संरक्षण परिषद् की पाठशाला शामिल हैं। उन्होंने "मेरी माटी मेरा देश" के राष्ट्रीय कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व किया है और वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता के रूप में छात्र हित और युवा उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहे समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नारायण, विनय चौधरी राष्ट्रीय सह प्रभारी अनुसंधान नीति ओबीसी मोर्चा, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी ,स्वामी संदीपानी श्री महंत पंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्री श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा के हाथों से सम्मान प्राप्त हुआ।भारत के कई दिग्गज हस्तियां शामिल रही।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में मतदान कार्मिकों की ड्यूटी बनी जी का जंजाल

अयोध्या।(आरएनएस ) भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय शुक्ल की पीठासीन अधिकारी पद पर मिल्कीपुर उपचुनाव में लगी ड्यूटी से समाजवादी पार्टी के कैंप से उठा बवंडर अभी शांत नहीं हुआ। इस बीच सहायक अध्यापक अरुण कुमार मिश्र की उपचुनाव में मतदान कार्मिक के रूप में लगी ड्यूटी से एक और विवाद खड़ा हो गया है। अरुण मिश्रा रुदौली के इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल में शिक्षक रहे जिनको एक वर्ष पहले सेवानिवृत्ति होना बताया गया है। मिल्कीपुर उपचुनाव की ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों में गड़बड़ झाला 21 जनवरी के प्रशिक्षण के लिए जारी पत्र से सामने आया है। चाहे वह समाजवादी पार्टी की तरफ से भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय शुक्ल को पीठासीन अधिकारी बनाये जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रविजय सिंह को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सौंपा गया ज्ञापन हो या फिर सेवानिवृत्ति अध्यापक अरुण कुमार मिश्र का मामला। पहले प्रशिक्षण डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के के भौतिक संकाय में हो चुका है। दूसरा प्रशिक्षण 30 या 31 जनवरी को होना है। माना जा रहा है कि उससे पहले इन सब गड़बड़ियों को दूर कर लिया जाएगा जिससे मतदान को लेकर उसकी निष्पक्षता पर समाजवादी पार्टी अंगुली ना उठा सके।

# धनपतगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत रामनगर द्वितीय का मामला

सुल्तानपुर(आरएनएस )। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के वि०खं० धनपतगंज की ग्राम पंचायत रामनगर द्वितीय में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीण की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित करते हुए एक माह के अन्दर जांच आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश मातहतो को दिया है। मामला ग्राम पंचायत रामनगर द्वितीय का है जहाँ ग्रामीण ने ग्राम पंचायत के विकासकार्यों में हुई व्यापक धांधली का आरोप लगाया है। ग्रामपंचायत के निवासी हरिशंकर सिंह पुत्र बम बहादुर सिंह ने विगत दिवस जिलाधिकारी से जरिए प्रार्थना पत्र ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों में व्यापक धांधली का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता हरिशंकर सिंह ने ग्रामप्रधान पर कुल चार बिंदुओं में किए गए बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीण की शिकायतपत्र को जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान में लेकर जांच करने के आदेश दिए है। आरोप है कि प्रधान के मानदेय के अतिरिक्त, श्रमिकों के खाते के रुपये निजी खाते में भी मंगाए गए हैं। एक कार्य को दो बार दिखाकर पांच लाख उनचास हजार पच्चीस रुपये इंटरलॉकिंग पर, तथा मात्र 20 मीटर लगभग के इंटरलॉकिंग पर चौदह लाख का भुगतान कराया गया है। जिलाधिकारी ने शिकायती प्रकरण पर जांच अधिकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द०अधिकारी को नामित करते हुए जांच कर,

स्पष्ट जांच आख्या साक्ष्यों एवम संस्तुतियों सहित 30 दिवस के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

## अंकुरण के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

सुल्तानपुर। जिले की अग्रणी समाजसेवी संस्था अंकुरण फाउंडेशन आज एक विशेष स्वास्थ शिविर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से आयोजित कर रहा है। जिसमें मेदांता हॉस्पिटल के लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ जांच एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुझाव दिया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर का आयोजन एमजीएस चौराहे स्थित पन्ना मेडिकल हॉल के पास किया जायेगा। शिविर में ईसीजी मशीन द्वारा हृदय की जांच, बीएमडी मशीन द्वारा हड्डियों की जांच, फिजियोथैरेपी, शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल आदि जांचों की सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी, कैंप प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

# प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर घेरा कलेक्ट्रेट, किया प्रदर्शन




सुल्तानपुर(आरएनएस )। प्रधानमंत्री आवास प्लस के लाभार्थियों का सर्वे 2024 करने गए कर्मचारियों को द्वारा दौड़ा दौड़ाकर मारपीट करने वाले ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगो की गिरफ्तारी को लेकर अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश की जिला इकाई कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट में इकट्ठा होकर कामकाज बन्द कर नारेबाजी शुरू कर दिया। उक्त प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर जिला अधिकारी संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौपा। ग्राम प्रधान विपिन कुमार व उनके सहयोगियों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ कृषि विभाग के कर्मचारियों को विकास विभाग के कार्य एव

फैमिली आईडी के कार्य से मुक्त करते हुए साय 7:00 बजे के बाद उन्हें गांव में ना भेजा जाए जिससे आए दिन घटनाएं होती रहेगी। इस दौरान संजय यादव, पवन यादव, प्रगति मौर्य, हरिकेश सिंह, इम्तियाज अहमद, अशोक मौर्य, आलोक वर्मा सहित दर्जनों कृषि कर्मचारी मौजूद रहे

## भारतीय सशस्त्र बल के जवानों ने बजाज अश्वटो के कर्मचारियों संग निकाली रैली

–गणतंत्र दिवस पर अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में सम्पन्न होगी रैली

अयोध्या(आरएनएस )। बजाज ऑटो ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली 'डेयर 2' को हरी झंडी दिखाई। दोपहिया पल्सर वाहन से निकली रैली में भारतीय नौसेना के 15 सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे। जो पल्सर एनएस 400 जेड के साथ 'साहस' की भावना को रेखांकित करता है। रैली आईएनएस चिल्का, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, रांची, गया और वाराणसी से होकर गणतंत्र दिवस पर अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में समाप्त होगी। जिससे भारतीय सेना के डोगराओं के साथ मजबूत जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल जहाज की 37 वीं वर्षगांठ के उत्सव को रेखांकित करती है और भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट के साथ मजबूत जुड़ाव को बढ़ावा देती है। अभियान का उद्देश्य नौसेना प्रमुख के 'मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण' के संदेश का प्रचार करना है। इस रैली (डेयर स्क्वायर) को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली सशस्त्र बलों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने का मौका देती है, ताकि भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और युवाओं को सर्वोच्च सम्मान के साथ अपने देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# पत्नी से अवैध संबंधों में बाधक बनने के चलते हत्या का ग्रामीण लगा रहे कयास

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनिट ब्रांच नहर के दक्षिणी नहर में 50 वर्षीय अधेड़ का बोरे में भरा शव पानी में मिलने के प्रकरण में कुमारगंज पुलिस के जांच की रफ्तार चार दिन बाद भी सुस्त पड़ी है। कुमारगंज पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का ही इंतजार है। हालांकि गांव सहित क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है। बताते चलें कि तेन्धा गांव निवासी जगदम्बा प्रसाद कोरी जो कि प्राइवेट लाइनमैन का काम करता था बीते रविवार की देर रात अपने घर से लापता हो गया था और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था। लापता होने के दूसरे दिन बीते सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। 1 सप्ताह बाद बीते मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे जगदंबा प्रसाद कोरी का शव ग्रामीणों ने नहर के पानी में किनारे की तरफ औंधे मुंह पड़ा देखा था और पुलिस को सूचना दी थी।पुलिस ने अधेड़ का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया था कि अधेड़ की पत्नी का गांव के ही एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते वह अपनी पत्नी से अलग भी रहता था। यही नहीं उसकी पत्नी उसे आए दिन मारती पीटती भी थी। वह पूरी तरह से अपनी पत्नी के कारनामों से परेशान हैरान था। मामले में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। चुनाव की वजह से काफी व्यस्तता है। फिलहाल मामले को गंभीरता से लिया गया है। इस प्रकार से पुलिसिया कार्यवाही को लेकर अब क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार भी पूरी तरह से गर्म है। ग्रामीणों का कहना है कि

# अंश निर्धारण में गड़बड़ी पर सिर्फ आवेदन करें, संशोधन केस की नहीं है जरूरत–सुमित सिंह

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस )।खतौनी में सरकार द्वारा चलाई जा रही अंश निर्धारण प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर तेजी आ गयी है। इसका सुस्त पड़ा पोर्टल सक्रिय हो गया है। राजस्व विभाग में बचे खुचे मिल जुमला खतौनी धारकों का अंश निर्धारण करने का काम रफ्तार पकड़ रहा है। यही नहीं पूर्व में किये गये अंश निर्धारण प्रक्रिया में गड़बड़ी का शिकार बने खाता धारकों की परेशानी का हल निकालने की राह नये शासनादेश में आसान कर दी गई है। अब पीड़ित खाता धारकों को संशोधन के लिए तहसील में किसी प्रकार का कोई केस नहीं दर्ज कराना होगा। इन्हें केवल अधिकृत राजस्व विभाग के पोर्टल से शिकायती आवेदन ही करना है बाकी जांच पड़ताल कर खतौनी में दर्ज करने का काम विभाग स्वयं करेगा। बताते चले 159 राजस्व गांव वाले तहसील क्षेत्र में गत वर्ष खतौनी में अंश निर्धारण करने काम लंबे समय तक चलता रहा है। इस काम में लगे राजस्व विभाग के लेखपाल और कंप्यूटर संचालक कर्मियों की लापरवाही के चलते हजारों खाता धारकों के खाते में गलत अंश निर्धारण होने से खतौनी धारकों में भूचाल सा आ गया था। इसके सुधार को लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायिक न्यायालयों में सैकड़ो मुकदमे दाखिल कर रखे हैं।जिससे खतौनी धारकों की जेब खाली कराने से लेकर शोषण का काम तेजी से चल रहा है। आयुक्त सचिव राजस्व परिषद द्वारा 30 दिसंबर 24 को जारी नए शासनादेश के क्रम में निर्देश है कि गड़बड़ी वाले खतौनी धारकों को अब कोई केस दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। केवल पोर्टल से अपना आवेदन देना होगा। विभाग जांच पड़ताल के बाद स्वतः खतौनी में संशोधन कर दर्ज कर देगा। तहसीलदार सोहावल सुमित सिंह ने कहा कि तहसील स्तर पर 90 प्रतिशत से ज्यादा खतौनी का अंश निर्धारण हो चुका है। बाकी बची खतौनी का अंश निर्धारण जल्द ही पूरा हो जायेगा। जिनके अंश निर्धारण में गड़बड़ी है। वह केवल निर्धारित पोर्टल से आवेदन कर दें।बाकी काम विभाग खुद पूरा करके खतौनी का अंश निर्धारण कर देगा।

## भाजपा के जन विरोधी कार्यो का जवाब देने का है वक्त प्रमोद तिवारी

अयोध्या(आरएनएस )। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा में कांग्रेस दल के उप नेता प्रमोद तिवारी शुक्रवार को एक अपने व्यक्तिगत कार्यक्रम मे अयोध्या पहुंचे । शहर की सीमा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका माला फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रमोद तिवारी ने आवाहन किया कि समय बहुत कम है अयोध्या के मिल्कीपुर क्षेत्र के गठबंधन के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को विजय बनाने में हर तरह से जुट जाएं। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी जन विरोधी कार्यो का जवाब देने का वक्त है ,अयोध्या की जनता ने जैसे लोकसभा में इन्हें हराया वैसे ही मिल्कीपुर उपचुनाव में भी इन्हें हराकर आईना दिखाने का काम करें । श्री तिवारी का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ,रामदास वर्मा,पीसीसी सदस्य महेश वर्मा ,जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी,अशोक कनौजिया, गौरव तिवारी वीरू, शत्रुघ्न सिंह ,भागेलु सिंह ,धीरेंद्र सिंह बबलू ,शैलेंद्र विक्रम सिंह, पंकज सिंह, अब्दुल कलाम, दीप कृष्ण वर्मा ,चंचल चंचल , प्रेम कुमार पांडे ,प्रखर सिंह, बसंत मिश्रा आदि प्रमुख थे।

# भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा सीएम योगी द्वारा की गई

अयोध्या।(आरएनएस ) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। सीएम ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा है। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित–गरीब की सुनवाई होगी, माफिया–अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी पूरी कैबिनेट ने परसो (22 जनवरी) को प्रयागराज में मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी पर डुबकी लगाई। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। 10 दिन में प्रयागराज में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। 45 करोड़ से अधिक आबादी सिर्फ भारत और चीन की है, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यहां बिना जाति, भेदभाव के लोग संगम में स्नान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ का एक ही संदेश– एकता से ही अखंड से रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद–परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती और विकास में बाधा है। जातिवाद–परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। जनता–जनार्दन, दलित–वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्ति का उत्थान नहीं किया। डॉ. लोहिया ने कहा था कि जो संपत्ति व संतति के चक्कर में जो पड़े, वह समाजवादी नहीं, लेकिन आज के समाजवादी संपत्ति के चक्कर में ही पड़े हैं। खाली प्लॉट पर कब्जा कर इनके झंडे लग जाते थे। सपा का झंडा अपराधियों व माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति कभी गरीब, कमजोर के प्रति नहीं होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री महाकुम्भ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं। 22 जनवरी 2024 को जब प्रभु रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, समाजवादी पार्टी ने तब भी विरोध किया था। यह वही समाजवादी पार्टी है, जिसके हाथ कारसेवकों के खून से सने हैं।

इन लोगों ने कारसेवकों के खून से सरयू मैया को लाल किया था। अयोध्या में राम मंदिर, एयरपोर्ट का नाम वाल्मीकि जी के नाम पर रखने, प्रयागराज महाकुम्भ, संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन, महर्षि वाल्मीकि की साधना स्थली लालापुर, संत तुलसीदास के राजापुर, लखनऊ के बिजली पासी के किले के सुंदरीकरण, बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक को भव्य रूप दिया गया, पीएसी की तीन महिला बटालियन वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई व अवंती बाई के नाम पर गठन की कार्रवाई को बढ़ाया गया तो सपा ने इसका विरोध किया। सपा ने दंगाइयों की काल यूपीपीएससी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था।

# मंत्रियों को मिल्कीपुर चुनाव क्षेत्र से बाहर करे चुनाव आयोग–तेजनारायण पांडेय

अयोध्या(आरएनएस)। मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा चुनावी आचार संहिता का खुल्लमखुल्ला उलंघन किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी निर्वाचन आयोग से मांग करती है कि इन सभी मंत्रियों को चुनाव क्षेत्र से बाहर कर क्षेत्र में प्रतिबंधित करे। उक्त आरोप व मांगें पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर लगाए हैं। कहा है कि मिल्कीपुर उपचुनाव में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण सरकारी कर्मचारियों के सहयोग से मिल्कीपुर के उपचुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। ऐसे में हम निर्वाचन आयोग से मांग करते हैं कि मिल्कीपुर उपचुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जाए। जो सरकारी कर्मचारी और मंत्री आदर्श आचार संहिता का मिल्कीपुर के उपचुनाव में धज्जियां उड़ा रहे हैं उनके ऊपर कार्रवाई की जाए। इतना ही नहीं चुनाव में आने से प्रतिबंधित किया जाए।पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने पत्रकारों को प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और अयोध्या के जल शक्ति मिशन प्रबन्धक सरिता वर्मा की मीटिंग की फोटो दिखाई। आरोप लगाया कि जल शक्ति मंत्री सरकारी अधिकारियों के माध्यम से मतदाताओं में रुपये बांट कर चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। इतना ही नहीं मंत्रियों के काफिले में चल रही गाड़ियों की तलाशी कराई जाए तो नोटो की गड्डियां मिलेंगी। निर्वाचन आयोग से मांग की जाती है कि आचार संहिता का पालन कराते हुए निष्पक्ष चुनाव कराया जाए। पत्रकार वार्ता कर रहे पूर्व मंत्री का कहना है कि समाजवादी पार्टी नियम, कानून का अक्षरशः पालन करती है। संविधान और चुनावी आचार संहिता के तहत ही पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रही है। लेकिन प्रदेश सरकार के मंत्रियों की फौज आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। विभागीय अधिकारी को दबाव में लाकर मतदाताओं को नाना प्रकार के प्रलोभन दे रहे हैं। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान, बीडीसी, पंच जैसे जनप्रतिनिधियों को भी प्रभाव में लेकर मिल्कीपुर चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में मौजूद रहे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि जिस तरह का व्यवहार चुनावी क्षेत्र मिल्कीपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री व अधिकारी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है कि निष्पक्ष चुनाव नहीं हो पाएगा। जिला अध्यक्ष का कहना था कि अधिकारियों के माध्यम से कर्मचारियों को बूथ जिताने की जिम्मेदारी दी जा रही है। आरोप लगाया कि पीडीए वर्ग के कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी नहीं दी जा रही है। उन्हीं कर्मचारियों को लगाया जा रहा जो दबाव में चुनाव प्रभावित करें। बताया कि समाजवादी पार्टी किसानों, नोजवानों, बेरोजगारों आदि के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रही है। जबकि भाजपा भ्रष्टाचार का सहारा ले रही है। इस दौरान वरिष्ठ नेता अनूप सिंह, एजाज अहमद समेत मौजूद रहे।

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मनाई गयी 101वीं जयंती

अयोध्या(आरएनएस )। भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंतीं रामनगरी अयोध्या मे सविता समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में बीजेपी कार्यालय सिविल लाइन में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र नायक विशिष्ट अतिथि महेश शर्मा व मोहम्मद तुफैल सलमानी अध्यक्ष अवध सैलून एसोसिएशन, रामनाथ शर्मा व्यवस्थापक राम मूर्ति शर्मा व अध्यक्षता एडवोकेट रामनाथ शर्मा ने किया। समिति के अध्यक्ष रामनाथ शर्मा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजे जाने के लिए एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कर्पूरी फार्मूले को लागू किए जाने की मांग किया है जिससे दलित शोषित व पीड़ित समाज को लाभ मिल सके अध्यक्ष ने सविता समाज के लोगों को बताया है की प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के प्रयासों से लिम्का फैक्ट्री के पास स्थित गांव को कर्पूरी वार्ड तथा साकेत पुरी कॉलोनी स्थित पार्क को कर्पूरी प्रतिमा के लिए पार्क घोषित कराया है इस प्रतिमा को लगाने व पार्क चिन्हित करने के लिए वर्तमान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को सविता समाज कल्याण समिति की तरफ से हाल ही में ज्ञापन सोपा गया है जिसको लेकर महापौर ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर चिन्हित कर मूर्तियां स्थापित कराई जाएगी।

## राजस्व निरीक्षक कक्ष में भिड़े दो पक्ष, चले लात घूंसे

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस )। तहसील के कानूनगो उदयराज के चेंबर में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। चले लात घूंसे के दौरान परिसर में कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल रहा। जमीनी विवाद को लेकर हुई इस मारपीट की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। आरोप है कि मीरपुर कांटा गांव निवासी रविन्द्र यादव के जमीनी विवाद को लेकर इनके विपक्षी राहुल और मनोज यादव कानूनगो के पास आये थे।मामले का मनचाहा निपटारा न होते देख आपस में ही भिड़ गये।इनके बीच मारपीट हुई। कानूनगो उदय राज का चौंबर मारपीट का अखाड़ा बन गया।भीषण मारपीट होते देख तहसील परिसर में कुछ देर भगदड़ जैसा माहौल बन गया। राहुल यादव और मनोज यादव के विरुद्ध रौनाही थाना में तहरीर दी गई है।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के योद्धा – सत्यभान सिंह

अयोध्या(आरएनएस )। नंदकानवेंट स्कूल के प्रांगण में विद्यालय परिवार द्वारा नंद कॉन्वेंट के प्रबंधक रजनीकांत नंद की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व सामाजिक न्याय के योद्धा जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनाया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका मालती तिवारी ने किया।मालती तिवारी,शैलेन्द्र कार्यकम के मुख्यअतिथि शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के योद्धा थे,उन्होंने गरीबों की लड़ाई रहते और समाज को एक नई दिशा दिया,उन्होंने जातिवाद के खिलाफ थे और सामाजिक न्याय के लिए सबको जागरूक करते हुए एक बड़ा संदेश दे गए। उन्होंने कहा कि आज हम सबको एकजुट हो कर अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा। युवा शायर जनवादी लेखक संघ के कार्यकारी सचिव कोषाध्यक्ष मुजम्मिल फिदा ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया और कहा कि कर्पूरी ठाकुर ऐसे योद्धा थे जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दिया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बाबा दिनेश दास जी,स्कूल के प्रबंधक रजनीकांत,प्रधानाचार्य अनीता जी,शिक्षिका मीरा मिश्रा , मालती तिवारी,नीतू दिवेदी, सरिता गुप्ता, शिवांगी नंदा, रीना शर्मा, सिम्मी पटेल, संगम यादव अंकित मिश्रा, इंदू मैम, आकांक्षा वर्मा, शिक्षक मंगला प्रसाद मिश्रा,मौजूद रहे।

# दिल्ली में मुफ्त चुनावी उपहारों के शोर में असल मुद्दे दब कर रह गये हैं




आम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी।अक्सर आपने देखा होगा कि किसी राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक और सामाजिक समीकरण हावी हो जाते हैं लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में हालात एकदम अलग हैं। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में राजनीतिक चर्चा में ''मुफ्त उपहारों'' की चर्चा हावी है जिससे प्रदूषण, कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अपराध और बुनियादी ढांचा सहित अन्य प्रमुख मुद्दे पीछे रह गए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महिलाओं के लिए निरूशुल्क सार्वजनिक परिवहन पहल पर जोर देते हुए ''रेवड़ी पर चर्चा'' जैसे अभियानों का नेतृत्व कर रही है। इसने नयी योजनाओं की भी घोषणा की है, जिनमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देने के वादे के साथ मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल संबंधी संजीवनी योजना शामिल है।कांग्रेस ने जवाब में 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की है जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने की बात कही गई है। इसने 25 लाख रुपये तक की बीमा कवरेज का वादा करते हुए 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा भी की है। वहीं भाजपा ने भी अपने संकल्प पत्र के दो चरण अब तक जारी किये हैं जिनमें हर वर्ग के लिए योजनाओं की भरमार है। देखा जाये तो इन मुफ्त योजनाओं को एक बार 'मुफ्त की रेवड़ी' करार देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना पड़ा है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस तरह की योजनाएं जारी रखी जाएंगी।इस बीच, मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहारों की घोषणाओं के चलते दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसा महत्वपूर्ण मुद्दा गौण हो गया है। हालांकि राजधानी के ज्यादातर निवासियों ने गंभीर स्वास्थ्य खतरा बने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस कार्य योजनाओं की कमी पर चिंता जताई है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले साल नवंबर में 490 के अंक को पार कर गया, जो ''अत्यंत गंभीर'' श्रेणी में आता है। जहरीली हवा के कारण अनेक लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, यमुना नदी में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण पूरे शहर में पानी की कमी भी देखी गई क्योंकि जलशोधन संयंत्र पानी का शोधन करने में असमर्थ थे। यही नहीं, खराब जल निकासी के चलते दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएससी अभ्यर्थियों की डूबने से मौत को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में आक्रोश देखा गया था।बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्तखोरी की संस्कृति को बढ़ावा देने की वजह से शासन एवं नीति–निर्माण पंगु हो गये हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने रोजगार सृजन और संविदा कर्मचारियों के लिए समाधान खोजने जैसे अन्य प्रमुख मुद्दों की अनदेखी की है। आम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी।

यहां सवाल यह भी उठता है कि हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन जब देश की राजधानी ही विकसित नहीं होगी तो यह लक्ष्य आखिर कैसे हासिल होगा?

## सम्पादकीय

### हथियार की तरह प्रयोग की जा रही कैग रिपोर्ट

दिल्ली सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के मुद्दे पर कदम खींचने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संदेह उत्पन्न करने वाला कहा।

भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आपको विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत रिपोर्ट भेजनी थी। सदन पर इसकी चर्चा करनी थी। विधानसभाध्यक्ष का विशेषाधिकार है विधानसभा सत्र बुलाना। यह सवाल भी किया कि क्या अदालत विधानसभाध्यक्ष को ऐसा करने का निर्देश दे सकती है, जबकि चुनाव नजदीक हैं।

हालांकि दिल्ली सरकार के वकील ने आरोप लगाया कि याचिका राजनीति से प्रेरित है, और उपराज्यपाल कार्यालय के रिपोर्ट को सार्वजनिक और समाचार–पत्रों से साझा करने की बात भी उठाई। कैग की रिपोर्ट के अनुसार शराब नीति की वजह से दिल्ली के राजस्व को दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कैग ऑडिट निकाय है, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। अनुच्छेद 148 के मुताबिक कैग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।

यह भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के विभागों और मंत्रालयों की पड़ताल करता है। इसकी रिपोर्ट विधानसभा और संसद में रखी जाती है। इसकी रिपोर्ट का असर इतना होता है कि इसके आधार पर 1989 में कांग्रेस सरकार को संयुक्त मोर्चा ने उखाड़ फेंका था। 2010 में स्पैक्ट्रम को लेकर कैग की रिपोर्ट पर 2जी आवंटन में धांधली के चलते सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ था जिस पर मनमोहन सरकार को सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा था।
शराब घोटाले को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भी रहना पड़ा। हालांकि आम आदमी पार्टी रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए भाजपा पर इसे चुनावी मुद्दा बनाने का आरोप लगा रही है। लेकिन भाजपा ने इसे सुनहरा अवसर मान लपक लिया। हालांकि खुद मोदी सरकार कैग रिपोर्ट को लेकर कभी गंभीर नजर नहीं आई। दूसरे, उसने अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कभी उस तरह तवज्जो नहीं दी जैसी परंपरा रही है।
उन्हें जानबूझ कर पंगु ही नहीं बनाया जाता रहा है, बल्कि विपक्ष भी उन्हें मुद्दों की तरह प्रयोग करने में विफल नजर आया है परंतु जैसा कि अपने यहां चुवानी दंगल में सब जायज बताया जाता है। कैग की यह रिपोर्ट हथियार की तरह प्रयोग की जा रही है। चुनाव संपन्न होने तक यह मुद्दा गरमाया रहने वाला है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष आलेख

बेटिया घर की शान होती है, बेटियां माता–पिता का अभिमान होती है। अपने बुलंद हौसलों के साथ आज की बेटी हर क्षेत्र में अपने परिवार, अपने राज्य, अपने प्रदेश और अपने देश का नाम रौशन कर रही। चाहे देश हो या विदेश आज बेटियां हर जगह अपनी कामयाबी का पताका फहरा रही है। प्रति वर्ष 24 जनवरी को बालिकाओं को सम्मान देने और बालिकाओं के प्रति समाज का नजरिया बदलने, कन्या भ्रूण हत्या को कम करने और घटते लिंगानुपात के बारे में जागरूकता पैदा करने के उददेश्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। आज बिटिया के जन्म लेने पर एक पिता घबराता नहीं है, न ही शोक मनाता है बल्कि उसके जन्म लेने पर घर–परिवार, मोहल्ले में मिठाईयां बंटवाता है। क्योकि वह जानता है कि एक दिन बडे होकर यही बेटी उनको गौरवान्वित महसूस कराएगी। उनका समाज में मान–सम्मान बडाएगी। जितनी खुशी माता–पिता को बेटे के जन्म लेने पर होती है आज के समय उतनी या कहे उससे ज्यादा खुशी बेटी के जन्म लेने पर माता–पिता को होती है। कहा जा सकता है कि आज हमारे समाज में देर से ही सही पर धीरे–धीरे बेटियों के प्रति उनकी मानसिकता एवं नजरिए में बदलाव आ रहा है। इस बदलाव को समाज में व्यापक स्तर पर सकारात्मक रूप से स्वीकृति मिली है। यही कारण है कि आज खेल जगत हो या तकनीकी क्षेत्र या शासकीय क्षेत्र हो हर जगह बेटियां अपना खूब नाम कमा रही है। निश्चित ही यह हमारे देश–विदेश के कुशल नेतृकर्ता एवं दूरगामी सोच रखने वाले प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों का ही परिणाम है।शासन–प्रशासन की बेटियों के लिए उठाई गयी विभिन्न पहले आज बेटियों के लिए सार्थक सिद्ध हुई हैं।

चाहे बेटी बचाओं–बेटी पढाओं हो या सुकन्या समृद्धि योजना हो, लाडली लक्ष्मी योजना हो, लाडो अभियान हो सभी अनूठी पहलों से बच्चियों के जीवन पर सकारात्क प्रभाव पडा है। एक अच्छे नागरिक होने के नाते हमारा भी दायित्व बनता है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस को ज्यादा से ज्यादा लोग व्यापक स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाए और बेटियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक सोच और अधिक विकसित करने में अपना सहयोग दें। क्योकि आपकी एक पहल पूरे समाज, पूरे देश की बेटियों का भविष्य संवार सकती है। इसलिए संकल्पित होकर बेटियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने एंव समाज का उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण सृजन करने में आगे आएं और अपना कर्तव्य निभाएं।0–लेखक सहायक संचालक जिला जनसम्पर्क कार्यालय दतिया(म.प्र.)है।

# जनवरी में दीपावली मनाता जनजातीय ग्राम मेंढापानी

वैसे तो देश भर में जनजातीय समाज का दीपावली उत्सव बड़ा ही विशिष्ट व उल्लेखनीय होता है किंतु गोंडवाना के जनजातीय समाज की दीपावली का तो कहना ही क्या!! इनके जीवन में दीपावली व होली का त्यौहार केवल आता नहीं है, आकर ठहर जाता है! भारतीय पशुधन प्रेम अद्भुत कथा है यह! सौ प्रतिशत जनजातीय एवं अनुसूचित जाति की जनसंख्या वाले मेंढापानी ग्राम (बैतूल) की यह कथा अविश्वसनीय भी है! अविश्वनीय इसलिए, कि अपने देश के जनजातीय बंधु, अपने होली–दीपावली के पर्वों से किसी प्रकार का समझौता नहीं करते। वे अपने इन उत्सवों को डूबकर, रसमय होकर मनाते हैं और इन त्योहारों को जीते हैं। ये जनजातीय त्यौहारों को स्वयं में समाहित कर लेते हैं। वैसे तो देश भर में जनजातीय समाज का दीपावली उत्सव बड़ा ही विशिष्ट व उल्लेखनीय होता है किंतु गोंडवाना के जनजातीय समाज की दीपावली का तो कहना ही क्या!! इनके जीवन में दीपावली व होली का त्यौहार केवल आता नहीं है, आकर ठहर जाता है! इनके चौक, चौपालों, खारी, ढानी, बाजारों, टोलों, टपरों, मठ, मुठिया, मेलों, ग्रामों में और, उससे भी बढ़कर इनके हृदय में दीपावली ठहर जाती है! हाँ, ये वनवासी बंधु, त्योहारों को हृदय में धारते हैं और उसे उतार लेते हैं अपने अन्तर्तम तक। होली, दीवाली को मनस्थ और तनस्थ कर लेने का ही प्रभाव होता है कि बैतूल जिले का जनजातीय समाज एक मास तक इन त्योहारों को सतत मनाता ही रहता है। इस मध्य वह कोई काम नहीं करना चाहता। इस मध्य उसे आप कितनी भी अधिक मजदूरी का, वेतन का लालच दे दोय वह नहीं आयेगा काम पर! इनकी होली, दीवाली केवल अपने ही परिवार में, मोहल्ले में या ग्राम में नहीं मनती है। ये जनजातीय बंधु, उस क्षेत्र में स्थित प्रत्येक ग्राम में एक दूसरे के गाँव में जाकर घर में रात्रि विश्राम करके ही दीवाली मनाते हैं। सभी एक दूसरे के गाँव में जाते हैं और भव्य आतिथ्य का आनंद लेते हैं।तो आते हैं, बैतूल जिले के एक विशुद्ध जनजातीय व अनुसूचित जाति वाले गाँव, मेंढापानी की कहानी पर। मेंढापानी में लगभग तीन सौ पचास घर हैं, सभी घर या तो जनजातीय बंधुओं के हैं या अनुसूचित जाति बंधुओं के। दोनों की जीवन शैली लगभग वनवासी ही है।
लगभग तीन वर्ष पूर्व कोविड महामारी के दिनों के आसपास ही भारत के कुछ प्रदेशों में पशुधन को लंपी वायरस नामक एक बीमारी ने घेर लिया था। बैतूल में भी एक सौ चौबीस ग्रामों में यह बीमारी फेल गई थी। हजारों गाय, बैल, भैंसों को लंपी वायरस ने अपना शिकार बना लिया था। इन्हीं दिनों में मेंढापनी में भी सैकड़ों गाय, बेल, भैंस आदि पशु लंपी से ग्रसित होकर गोलोकवासी हो गए थे। वह दीपावली के एन पूर्व का सितंबर का माह थाय वर्ष था, 2022! मेंढापानी के निवासी अपने प्रिय पशुधन के असमय व बड़ी संख्या में निधन से इतने दुखी हुए कि इन्होंने अपने सबसे बड़े, सबसे प्रिय, सबसे सुंदर त्यौहार दीपावली को ही त्याग दिया। जब आसपास के ग्रामवासियों को यह बात पता चली तो पंचायत बैठी और पंचायत ने, शोकग्रस्त मेंढापानी वासियों से दीपावली मनाने का आग्रह किया। तब तक जनवरी, 2023 आ चुका था। इस प्रकार, अक्टूबर–नवंबर की दीपावली मेंढापानी में पहली बार जनवरी में मनाई गई। लंपी वायरस के विदा होने पर ही जनवरी, 2023 में मेंढापनी निवासियों ने दीपावली मनाई थी। अपने दिवंगत पशुधन के प्रति मेंढापानी के ग्रामीण बंधुओं का शोक यहाँ भी रुका नहीं, उन्होंने तीन वर्षों तक उनका प्रियतम दीपावली का पर्व जनवरी में मनाने का निर्णय लिया। अपने दिवंगत पशुधन के प्रति शोक प्रकट करने का उनका यह अपना तरीका था। यह अंतिम वर्ष था जब मेंढापानी निवासियों ने दीपावली का पर्व कार्तिक मास में न मनाकर, जनवरी में मनाया था। इस वर्ष मेंढापानी के ग्रामवासियों के आग्रह पर उनकी इस जनवरी माह वाली दीपावली में सम्मिलित होने का अवसर मुझे भी मिला। आड़ा–टेढ़ा, जैसा भी सही पर इन वनवासी बंधुओं के साथ नृत्य करने में मुझे भी बड़ा आनंद आया। मेंढापानी के निवासियों संग चाय पर चर्चा भी हुई और उनके संग सहभोज का भागी भी बना! बड़ा ही अद्भुत, उमंग, उल्लास व उत्साह से भरा वातावरण था समूचे गाँव का। भले ही छोटे–छोटे घर–आँगन होंगे मेंढापानी के निवासियों के, किंतु उनके दिल के जैसे ही, घर में भी लोग समाते ही चले जा रहे थे। एक–एक घर में तीस–तीस चालीस–चालीस मेहमान थे। प्रत्येक घर के सामने आठ–दस बाइक्स तो अनिवार्य रूप से खड़ी ही थी। किसी भी मोटरसाइकिल पर तीन से कम लोग तो आए ही नहीं थे। फटफटी पर चार लोगों को बैठा लेना तो इन ग्रामीणों के लिए बड़ी ही सामान्य सी बात है। पूरा गांव मेले के वातावरण में, गीत, संगीत, नृत्य, चाय–पानी, भोजन के क्रम में डूबा हुआ सा और सराबोर सा झूम रहा था। बस एक कमी खल रही थी कि यहाँ वहाँ ऊँचे स्वर में बजने वाले संगीत में उनके अपने जनजातीय गीत और नृत्य गायब थे। फिल्मी गीतों और डीजे के शोर ने पारंपरिक गीतों व नृत्य के स्वरों को दबा दिया था। यह दुखद लगा। शेष सभी कुछ बड़ा ही आनंदित कर देने वाला था! युवक युवतियां तो अपनी झूम में थे ही, बड़े और वृद्ध भी अपने पूरे रंग में दिख रहे थे।

# महाकुंभ के दृश्य से पूरे देश आह्लादित

अवधेश कुमार

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से महाकुंभ के दृश्य पूरे देश को आह्लादित कर रहे हैं। उन दृश्यों को देखने और वहां से निकल रहे वक्तव्यों से पूरे विश्व में फैले सनातनियों के अंदर इच्छा बलवती हो रही है कि एक बार प्रयागराज महाकुंभ जाकर पवित्र त्रिवेणी की डुबकी अवश्य लगाएं। तेरह जनवरी को बुधादित्य महायोग के दिन का आंकड़ा एक करोड़ 75 लाख तो 14 जनवरी को लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आया है। संपूर्ण विश्व आश्चर्यचकित हो इन दृश्यों को देख कर इसके पीछे की शक्ति और भावना को समझने की कोशिश कर रहा है। कल्पना करिए, बारह फरवरी तक जन समूह की संख्या कितनी पहुंच जाएगी। मोटा–मोटी आकलन है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश–विदेश से प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे।




भगवा की बहुतायत लेकिन प्रकृति में उपस्थिति हर रंग की ध्वजाएं, पताकाएं और कवेश पहने साधु–संत, गांव–घर के आम देशी–विदेशी जन ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन आसान नहीं है। लगातार बजते घड़ी–घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलते हवनकुंड की अग्नि के सुगंध और भजन–कीर्तन के साथ प्रवचनों की ध्वनियों और ऊपर आकाश से हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वृष्रा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों के भावों को शब्दों से वर्णित नहीं किया जा सकता। हालांकि इसके सूक्ष्म प्रभावों को न समझने वाले शब्दातीत, वर्णनातीत आदि शब्दावलियों को अतिवादी कह सकते हैं किंतु सच यही है।

केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ लोगों की रिकॉर्ड उपस्थिति का आकलन करते हुए हरसंभव व्यवस्था की है। पूरे कुंभ नगर का विस्तार 4000 हेक्टेयर करके 25 सेक्टरों में बांटा गया, डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए गए, 44 घाटों पर स्नान की व्यवस्था हुई जो 12 किमी. लंबाई में फैली है। 102 पार्किंग बनाए गए हैं, जिनमें साढ़े 5 लाख गाडियां खड़ी हो सकती हैं। कुल 45 दिनों में रेलवे, हवाईजहाज, राज्य सरकार की बसें, शटल बसें आदि की रिकार्ड संख्या विस्तारित की गई है। समाज में विचार, व्यवहार, कर्मकांड आदि के बीच विरोधाभास, विविधताएं या विभाजन कोई आज नहीं, सदियों से है। जरा सोचिए, महान ऋषि–मुनियों ने किस तरह समय–समय पर इन सबको समन्वित करते हुए संपूर्ण ब्रह्मांड या मानव, जीव–अजीव, सबके कल्याण का भाव पैदा करने के महान अवसरों की दिव्य परंपराएं स्थापित कीं। जिस तरह प्रकट दिखाती गंगा–यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता जनसमूह अलग–अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग–रूपों, जातियों, संप्रदायों, सब वहां जाकर वाकई एक हो जा रहे हैं। न कोई भेद, न दूरी और कोई किसी से उसकी जाति–नस्ल–पंथ–संप्रदाय स्वयं को दूर करने या भेद करने की दृष्टि से पूछता भी नहीं। उत्सुकतावश जानकारी के लिए पूछते और एक दूसरे से परिचय करते हैं।
इस तरह से देखा जाए तो महाकुंभ संपूर्ण विश्व के जन–जन को एक करने यानी मातृभूमि पुत्रोअहम पृथिव्या की अथर्ववेद की अवधारणा को साकार करने का पर्व है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है और यह निर्वाण की भूमि मानी गई है। पुरुषार्थ चातुष्ट्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों का विपुल भंडार। माना गया है कि यहां आने से सब खुल जाते हैं और त्रिवेणी के तट से अंतर्मन के सारे विकार, क्लेश, दोष मिट जाते हैं। मूल बात है संगम और कुंभ के भाव को समाहित करने की। वह वहां तो साकार दिखता है। जैसा आप जानते हैं कुंभ के हमारे यहां अनेक अर्थ हैं। कुंभ अमृत कलश माना गया है।
वेदांत में कुंभ घटा आकाश यानी हृदय एक कुंभ है, कुंभ एक राशि है, इस कुंभ के भाव में गंगा और शिव समाहित हैं। हमारे देश में अंग्रेजों के समय से कथित इतिहासकारों ने भारत और सनातन की सारी परंपराओं, प्रथाओं, पवरे, त्योहारों, पावन अवसरों के अतीत को तिथियों में देखने और अपनी अज्ञानता प्रदर्शन करने की ऐसी नींव डाली कि अकादमी क्षेत्र में कोई भी विषय अविवादित रहा ही नहीं। किसी की तिथि मान्य नहीं, उम्र मान्य नहीं किंतु जनमानस के लिए संगम का आरंभ कब से हुआ, किसने किया, किस काल में था इनके न कोई अर्थ थे, न हैं, और न आगे होंगे। यह हमारे महान पूर्वजों के दिए गए संस्कार और चरित्र हैं, जिनने आज तक ऐसी राजनीतिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक, आर्थिक व्यवस्थाओं और ढांचों की प्रतिकूलताओं से परे किसी न किसी रूप में मौलिकता के साथ भी इन सबको कायम रखा है। सच कहा जाए तो यही हमारी अंतरूशक्ति है, जिस पर भारत विश्व के लिए आदर्श और दिशा देने वाला देश बन सकता है।
संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो गई है। ऐसा नहीं है कि राजनीतिक सत्ता हमारे धर्म, कर्मकांड आदि के रास्ते निर्धारित करती हैं किंतु अगर उन्हें इसकी समझ है या वे इसके ज्ञानियों से समझने की कोशिश करते हैं, तो अनुकूलताएं निर्मित होती हैं, व्यवस्थाएं खड़ी होती हैं, उसके अनुरूप आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती हैं, जिनसे ऐसे अवसरों पर संत–महात्मा, साधु– संन्यासी, विद्वतजन, आम श्रद्धालु सभी अपने कर्म करने में सहजता महसूस करते हैं।
इनसे महाकुंभ जैसे आयोजन अपनी संपूर्णता में प्रकट होते हैं। इसी मायने में मोदी सरकार और योगी सरकार पूर्व की सरकारों से गुणात्मक रूप से भिन्न प्रमाणित हो रही हैं। इतने विशाल और लंबे आयोजन की दृष्टि से कोई भी व्यवस्था संपूर्ण या आदर्श नहीं हो सकती। महाकुंभ जैसे आयोजन में बगैर कुछ बोले संपूर्ण विश्व में संदेश जा रहा है कि कैसे एक साथ इतनी बड़ी संख्या में अलग–अलग पंथ, संप्रदाय, जिनके बीच घोर मतभेद और कुछ के मध्य संघर्ष रहे हैं, सब इकत्रे होकर आत्मोद्धार, समाज और विश्व कल्याण के भाव से संगम में स्नान–यज्ञ आदि कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

वृष राशि–
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए मिला–जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगायेंगे ।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिया है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान–सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आमोद–प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

धनु राशि–
आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें ।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी।

कुंभ राशि –आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे । आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें ।

मीन राशि–
आज का दिन खुशियाँ लाने वाला है। समाज में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही सफलता मिलेगी। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे। व्यापार में आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

# इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो से जयशंकर ने की मुलाकात, जानें क्या हुई बात

सुबियांतो की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों द्वारा कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौते किए जाने की उम्मीद है। वह भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले चौथे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इंडोनेशिया से 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दस्ता यहां कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगा। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो से मुलाकात की। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर हैं। वह भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत की अपनी राजकीय यात्रा की शुरुआत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो प्रबोवो से मुलाकात करके खुशी हुई। जयशंकर ने कहा कि हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए उनके मार्गदर्शन और सकारात्मक भावनाओं को महत्व दें। उन्होंने कहा कि भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुबियांतो की भागीदारी हमारी पोषित मित्रता का उपयुक्त उत्सव होगी। सुबियांतो की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों द्वारा कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौते किए जाने की उम्मीद है। वह भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले चौथे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति





सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। इंडोनेशिया से 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दस्ता यहां कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया की यात्रा की थी, जिस दौरान भारत–इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। पिछले साल 19 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की थी। भारत और इंडोनेशिया एक सहस्राब्दी से अधिक पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों के साथ घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी हैं।

# अमित शाह ने नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर के दर्शन किए

त्र्यंबकेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना की और मंदिर प्रशासन ने उनका अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य के मंत्री माणिकराव कोकाटे व गिरीश महाजन भी थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर मंदिर के दर्शन किए। राज्य के एक दिवसीय दौरे पर आए शाह ने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक त्र्यंबकेश्वरमंदिर में पूजा–अर्चना की और मंदिर प्रशासन ने उनका अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य के मंत्री माणिकराव कोकाटे व गिरीश महाजन भी थे।

# मोदी–मैक्रों की मुलाकात को लेकर आ गया विदेश मंत्रालय का बयान

पीएम मोदी के मैक्रों के साथ पिछली मुलाकात 18 नवंबर को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी20 समिट के दौरान हुई थी। इससे पहले वह जनवरी में वतौर गणतंत्र दिवस के चीफ गेस्ट और उसके वाद जुन में इटली में ळ7 समिट के दौरान दोनों नेताओं के वीच मुलाकात हुई थी। इससे पहले एआई समिट 2024 में साउथ कोरिया में हुआ था। डिफेंस डील होगी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि फ्रांस एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शिखर सम्मेलन की सह–अध्यक्षता के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया है। हमने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। मैक्रों ने बताया था कि फ्रांस 11–12 फरवरी तक एक एआई समिट आयोजित करेगा। इस समिट से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक अंतर्राष्ट्रीय चर्चा भी होगी। मैक्रों ने ये भी कहा था कि इस सम्मेलन के जरिए फ्रांस को अमेरिका, चीन और खाड़ी देशों से संवाद करने में मदद मिलेगी। बता दें कि पीएम मोदी के मैक्रों के साथ पिछली मुलाकात 18 नवंबर को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी20 समिट के दौरान हुई थी। इससे पहले वह जनवरी में वतौर गणतंत्र दिवस के चीफ गेस्ट और उसके वाद जुन में इटली में ळ7



समिट के दौरान दोनों नेताओं के वीच मुलाकात हुई थी। इससे पहले एआई समिट 2024 में साउथ कोरिया में हुआ था। फ्रांस सरकार ने कहा है कि ग्लोवल एआई सेक्टर के जरिए इस तरह के फैसले लिए जाएंगे जिससे कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण के क्षेत्र में सार्वजनिक महत्व की दिशा में आगे बढ़ा जा सकते। माना जा रहा है कि इस दौरान भारत और फ्रांस के वीच दो वड़ी डिफेंस डील पर मुहर लग सकती है।

# झारखंड के बोकारो में कुएं में गिरने से हाथी की मौत

स्थानीय पंचायत प्रमुख तेजलाल महतो ने बताया कि हाथी रात में फसलों को खाने के लिए गांव में घुसा था और वह




कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। गांववालों ने हाथी को सुबह कुएं में गिरा देखा और वन विभाग को इसकी जानकारी दी। झारखंड के बोकारो जिले के गोपो गांव में बृहस्पतिवार रात एक हाथी की गहरे कुएं में गिरने से मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बोकारो के वन प्रमंडल अधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार ने बताया, हाथी अपने झुंड से भटक गया था और दुर्घटनावश कुएं में गिर गया।स्थानीय पंचायत प्रमुख तेजलाल महतो ने बताया कि हाथी रात में फसलों को खाने के लिए गांव में घुसा था और वह कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। गांववालों ने हाथी को सुबह कुएं में गिरा देखा और वन विभाग को इसकी जानकारी दी।

# आप को अनुराग ठाकुर ने बताया महिला विरोधी, कहा– चुनाव में स्टंप और क्लीन बोल्ड हो जाएंगे केजरीवाल

ठाकुर पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री हैं और उन्होंने एक बार अपने राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए क्रिकेट खेला था। वह देश में खेल की नियामक संस्था, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को भविष्यवाणी की कि दिल्ली के लोग राजधानी में 5 फरवरी के विधानसभा चुनाव में अपने पूर्व मुख्यमंत्री, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को स्टम्प और क्लीन बोल्ड करेंगे। अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल श्स्टम्प्डश और श्क्लीन बोल्डश होने जा रहे हैं क्योंकि लोगों को साफ पीने का पानी, साफ हवा और साफ यमुना चाहिए।ठाकुर पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री हैं और उन्होंने एक बार अपने राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए क्रिकेट खेला था। वह देश में खेल की नियामक संस्था, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। इस बीच, भाजपा नेता ने आप को श्आपदाश भी कहा, यह शब्द खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था। आतिशी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि श्आपदाश के लोग महिला विरोधी हैं और वे दिल्ली की महिलाओं को धोखा देते हैं। यहां तक ध्घकि मौजूदा मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स में भी कोई जगह नहीं है। आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पिछले साल




सितंबर में अरविंद केजरीवाल के आश्चर्यजनक इस्तीफे के बाद उनकी जगह ली थी। इसके अलावा, ठाकुर ने सवाल किया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पंजाब पुलिस के संरक्षण में कैसे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पूछा उनका नाम पंजाब की सुरक्षा श्रेणी में क्यों है, जबकि वह सीएम नहीं हैं और न ही उनके पास पंजाब में कोई पद है? दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच दोतरफा मुकाबला देखने को मिल रहा है। जबकि पूर्व दिसंबर 2013 से यहां सत्तारूढ़ दल है, जब उसने कांग्रेस को बाहर कर दिया था, बाद वाला लगभग तीन दशकों से सत्ता से बाहर है।

# 24 से 26 जनवरी तक त्रिवेणी के आकाश में दिखेगा ड्रोन का शो, श्रद्धालु संस्कृति का संगम नजारा देख सकते हैं

संगम नगरी प्रयागराज में इस समय महाकुंभ चल रहा है। इस बीच सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से महाकुंभ नगर के सेक्टर–7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। ड्रोन का शो भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा जो श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभाव होगा। महाकुंभ 2025 का अगाज 13 जनवरी से हुआ है और इसका समापन 26 फरवरी को होगा। 45 दिन तक महाकुंभ मेला लगेगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा। बता दें कि, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर से महाकुंभनगर के सेक्टर–7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह शो आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा, जो कि श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

# बिहार में सड़क किनारे खड़ी ट्रक में आग लगी, दो लोग जिंदा जले

ट्रक चालक और उसके सहायक ने अपना 18 पहिया वाहन सड़क किनारे खड़ा किया था और तभी उन्हें झपकी लग गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान ट्रक में कथित तौर पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और दोनों जिंदा जल गए। बिहार के भोजपुर जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में शुक्रवार सुबह आग लगने से वाहन में सवार चालक और उसका सहायक जिंदा जल गए। भोजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज के अनुसार, ट्रक चालक और उसके सहायक ने अपना 18 पहिया वाहन सड़क किनारे खड़ा किया था और तभी उन्हें झपकी लग गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान ट्रक में कथित तौर पर




शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और दोनों जिंदा जल गए। एसपी के मुताबिक, मृतकों की पहचान चालक भीम सिंह (56) और सहायक विकास कुमार (20) के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी थे। उन्होंने बताया कि दोनों बृहस्पतिवार देर रात पश्चिम चंपारण जिले से लौटे थे और अपने ट्रक के भीतर ही सो गए थे। एसपी के अनुसार, भीम और विकास ने ट्रक के दरवाजे अंदर से बंद कर दिए थे और इस दौरान

वाहन में संभवतरू शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। एसपी ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम मौके पर है।

# महाराष्ट्र में आयुध फैक्टरी में विस्फोट की घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया

रक्षा मंत्रालय ने अब तक आधिकारिक तौर पर विस्फोट का ब्योरा नहीं दिया है। पुलिस और जिले के अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे जवाहर नगर इलाके में आयुध फैक्टरी के 'एलटीपी सेक्शन' में हुआ।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह महाराष्ट्र के भंडारा में एक आयुध फैक्टरी





में हुए विस्फोट की घटना से ''बहुत दुखी'' हैं, जिसमें आठ लोगों के मारे जाने की आशंका है। सिंह ने कहा कि विस्फोट स्थल पर बचाव दल तैनात हैं और प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध फैक्टरी में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।''उन्होंने कहा, ''घटनास्थल पर बचाव दल मौजूद है। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।'' महाराष्ट्र से सूचना है कि विस्फोट में आठ लोग मारे गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने अब तक आधिकारिक तौर पर विस्फोट का ब्योरा नहीं दिया है। पुलिस और जिले के अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे जवाहर नगर इलाके में आयुध फैक्टरी के 'एलटीपी सेक्शन' में हुआ।

## जेपीसी को कश्मीर आकर भी लोगों से करनी चाहिए बात, अनुच्छेद 25 का जिक्र करते हुए हुर्रियत नेता मीरवाइज

मीरवाइज अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण में कहा कि विवादित और निर्विवाद दोनों वक्फ संपत्तियों के संबंध में कलेक्टर को दी गई मनमानी शक्तियां उन्हें उन पर अत्यधिक नियंत्रण देती हैं। कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक शुक्रवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय पैनल के सामने पेश हुए। वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर गंभीर और गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, जम्मू–कश्मीर मुताहिदा मालिस–ए–उलेमे (एमएमयू) के संरक्षक मीरवाइज उमर फारूक ने कहा है कि प्रस्तावित परिवर्तन वक्फ की स्वायत्तता और कामकाज के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं। प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति को एक लिखित प्रस्तुति में एमएमयू ने कहा कि कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों की प्रकृति को केवल आदेश पारित करके सरकारी संपत्तियों में बदलने की पूर्ण शक्ति दी गई है। मीरवाइज अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण में कहा कि विवादित और निर्विवाद दोनों वक्फ संपत्तियों के संबंध में कलेक्टर को दी गई मनमानी शक्तियां उन्हें उन पर अत्यधिक नियंत्रण देती हैं। एमएमयू ने अपने सबमिशन में कहा कि यह कार्रवाई वक्फ अधिनियम के मूल उद्देश्य को कमजोर करने का प्रयास करती है, जो मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित संपत्तियों की रक्षा और संरक्षण करना है।

# गणतंत्र दिवस पर तड़के तीन बजे शुरू होंगी दिल्ली मेट्रो की सेवाएं

बयान के मुताबिक यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुबह छह बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी, जिसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा।दिल्ली मेट्रो गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को तड़के तीन बजे अपनी सेवाएं शुरू करेगी ताकि लोगों को कर्तव्य पथ तक पहुंचने में सुविधा हो। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।आधिकारिक बयान के मुताबिक देश भर में



गणतंत्र दिवस के उत्सव के बीच दिल्ली मेट्रो रविवार को सुबह तीन बजे सभी लाइनों पर अपनी सेवाएं शुरू कर देगी, ताकि लोग कर्त्तव्य पथ तक पहुंच सकें और वहां आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड और समारोह देख सकें।बयान के मुताबिक यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुबह छह बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी, जिसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाने तथा अंतिम समय में होने वाली किसी भी असुविधा से बचने के लिए सुबह की मेट्रो सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# नए साल में प्रधानमंत्री का पहला बिहार दौरा, 24 फरवरी को भागलपुर में होगा किसान सम्मान समारोह

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भागलपुर जिला प्रशासन के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री भागलपुर में किसानों से जुड़ी योजनाओं समेत केंद्र सरकार की कई परियोजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास भी करेंगे। पटना । उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी 2025 को भागलपुर आएँगे और वहाँ किसान सम्मान समरोह में किसानों के लिए करोड़ों रुपये की कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा कर नए साल की सौगात देंगे। नये वर्ष में यह प्रधानमंत्री का पहला बिहार दौरा होगा। उनके आगमन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भागलपुर जिला प्रशासन के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री भागलपुर में किसानों से जुड़ी योजनाओं समेत केंद्र सरकार की कई परियोजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास भी करेंगे। चौधरी ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष (2024–25) में मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण,दरभंगा, नालंदा, और औरंगाबाद सहित 10 जिलों में मिट्टी जांच के लिए नई प्रयोगशालाएं स्थापित होंगी। प्रत्येक जांच प्रयोगशाला की स्थापना पर 75 लाख रुपए खर्च होंगे। बिहार की सभी पंचायतो में अब किसान चौपाल लगायी जायेगी। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने 15 साल में किसानों के लिए तीन कृषि रोडमैप लागू किए और चौथे रोडमैप पर काम चल रहा है। इससे कृषि का अर्थव्यवस्था में योगदान लगातार बढ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को



निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए जहाँ राज्य सरकार अलग कृषि फीडर स्थापित कर रही है, वहीं किसानों से संवाद बढाने के लिए कई उपाय किये जा रहे हैं। चौधरी ने कहा कि राजधानी पटना स्थित कृषि भवन में बिहार कृषि रेडियो की शुरुआत की गई और मीडिया सेंटर का उद्घाटन हुआ। भागलपुर प्रशासन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपमुख्यमंत्री चौधरी के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल, केंद्रीय कृषि सचिव, बिहार के मुख्य सचिव बिहार तथा,कृषि सचिव भी शामिल हुए। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएँ लागू करने के साथ राज्य सरकार भी किसानों के लिए कई काम कर रही है।

# कल्याण बनर्जी ने मुझे गाली दी', वक्फ की जेपीसी बैठक में हंगामे पर बोले जगदंबिका पाल

बैठक के बाद जगदंबिका पाल ने बताया कि आज की बैठक संपन्न हो गई है। आज दो महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल गवाह के रूप में आये थे। मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जम्मू–कश्मीर से था। शुक्रवार को वक्फ बिल पैनल से विपक्षी सदस्यों को निलंबित किए जाने के बाद, संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि टीएमसी के कल्याण बनर्जी द्वारा उनके खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के कारण सदन स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मैं उनसे अनुरोध करता रहा कि उन लोगों को बोलने दें, जिन्हें हमने आमंत्रित किया है। हमने सदन को बार–बार स्थगित किया लेकिन विपक्षी सांसद नहीं चाहते थे कि बैठक जारी रहे। जम्मू–कश्मीर से एक प्रतिनिधिमंडल आया था लेकिन वे (विपक्षी सांसद) चिल्लाते रहे और नारे लगाते रहे। इसलिए आखिरकार निशिकांत दुबे को एक प्रस्ताव लाना पड़ा और सभी इस पर सहमत हुए। बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि आज, हम यहां दो पक्षों को सुनने के लिए आए थे, एक जम्मू–कश्मीर का संगठन था और दूसरा दिल्ली के वकीलों का संगठन था। संस्था के सदस्य इंतजार कर रहे हैं। लेकिन कल्याण बनर्जी (टीएमसी सांसद) के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य हंगामा कर रहे हैं, जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल के लिए असंवैधानिक भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। बैठक दो बार स्थगित की जा चुकी है। जेपीसी सदस्य और भाजपा सांसद संजय जयसवाल ने कहा कि विपक्षी सांसदों ने उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं किये। भाजपा नेता ने कहा कि जब ऐसा नहीं होता तो तकनीकी रूप से वे वहां मौजूद नहीं होते। उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर किए बिना उन्होंने हंगामा किया और यह एक साजिश थी।श वे नहीं चाहते थे कि मीरवाइज उमर फारूक और जम्मू–कश्मीर के तमाम उलेमा अपनी बात लोकसभा सांसदों के सामने रखें। विपक्ष बीजेपी और एनडीए के विरोध से देश विरोध की ओर बढ़ गया है। विपक्ष ने जम्मू–कश्मीर के मौलानाओं की आवाज को दबाने की कोशिश की। बैठक के बाद जगदंबिका पाल ने बताया कि आज की बैठक संपन्न हो गई है। आज दो महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल गवाह के रूप में आये थे।

# छावा से अक्षय खन्ना का खूंखार अवतार आया सामने, डर और दहशत का नया चेहरा, क्रूर मूगल शासक औरंगजेब बने एक्टर



मेकर्स ने अक्षय खन्ना के किरदार के नए पोस्टर शेयर किए. उन्हें मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में देखा जा सकता है. एक्टर का लुक इतना शानदार है कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो रहा है. पोस्टर्स रिलीज करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, डर और दहशत का नया चेहरा – मुगल साम्राज्य के क्रूर शासक मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में प्रेजेंट हैं अक्षय खन्ना. छावा का ट्रेलर कल रिलीज होगा. फिल्म 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.बता दें 21 जनवरी को ही छावा से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिवील किया गया है. जिसमें रश्मिका येसूबाई भोसले के रोल में दिख रही हैं. रश्मिका मंदाना फिल्म छावा में छत्रपती संभाजी महाराज के पत्नी के रोल में होंगी, यह रोल विक्की कौशल निभा रहे हैं.विक्की कौशल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर छावा का नया पोस्टर और धांसू मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की

रिलीज डेट अनाउंस की. विक्की ने कैप्शन लिखा, अग्नि भी वो, पानी भी वो, तूफान भी हो, शेर शिवा का छावा भी हो. छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज हो चुका है. छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी.

विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा का ट्रेलर रिलीज होने वाला है. जिसके लिए फैंस पहले से ही काफी एक्साइटेड हैं. वहीं मेकर्स भी दर्शकों को एक्साइटमेंट को बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. ट्रेलर रिलीज के पहले ही मेकर्स ने रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिलीज किया वहीं अब मेकर्स ने फिल्म से अक्षय खन्ना के लुक से भी पर्दा उठा दिया है.विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के शानदार लुक के बाद, अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक मेकर्स ने रिवील किया जिसमें वे काफी खूंखार लग रहे हैं. अक्षय फिल्म में क्रूर मुगल शासक कहे जाने वाले औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे डर और दहशत का चेहरा बताया गया है. आगामी फिल्म छावा के

## टीजर के साथ जेलर 2 का एलान, 74 की उम्र में दमदार एक्शन करते नजर आए सुपरस्टार रजनीकांत

अभिनेता रजनीकांत फिल्म जेलर 2 से परदे पर छाने आ रहे हैं। इस फिल्म का अनाउंसमेंट टीजर जारी हो गया है। इसमें रजनीकांत एक्शन मुद्रा में दिख रहे हैं। 74 साल की उम्र में भी वे परदे पर दमदार एक्शन दिखाते नजर आएंगे।साल 2023 में रजनीकांत की फिल्म जेलर सिनमाघरों में रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। अब मेकर्स जेलर 2 लेकर आ रहे हैं। निर्माताओं ने रजनीकांत के फैंस को तोहफा देते हुए जेलर 2 का टीजर जारी कर दिया है।टीजर में रजनीकांत अपने चिर–परिचित अंदाज में चश्मा लगाए दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं। टीजर की शुरुआत में जेलर 2 के निर्देशक नेल्सन और म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध नई स्क्रिप्ट की चर्चा कर रहे हैं। अचानकर आसपास गोलाबारी और तोड़फोड़ होने लगती है। फिर होती है रजनीकांत की धमाकेदार एंट्री। एक हाथ में बंदूक और एक हाथ में तलवार थामे रजनीकांत ने टीजर में दिल जीत लिया है। टीजर की कुल अवधि ा चार मिनट की है और काफी दिलचस्प है। बात करें फिल्म जेलर की तो यह रजनीकांत के करियर की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही। दूसरे पार्ट को लेकर भी दर्शकों में उत्साह है। फिलहाल टीजर को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसे आए अभी पूरे 24 घंटे भी नहीं हुए और इसे अब तक साढ़े सात लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

# बैड बाय कार्तिक से नागा शौर्य का पहला लुक सामने आया

वैष्णवी फिल्म्स अपने पहले प्रोडक्शन बैड बॉय कार्तिक के साथ फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें गतिशील नागा शौर्य एक बोल्ड नई भूमिका में हैं जो प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। अपने बहुमुखी अभिनय के लिए जाने जाने वाले शौर्य बैड बॉय कार्तिक के रूप में बिल्कुल नए, स्वैग से भरे और रवैये से भरे अवतार में कदम रख रहे हैं और इसे देखकर लगता है कि यह प्रोजेक्ट एक हाई–ऑक्टेन, पावर–पैक थ्रिलर होने वाला है जो दर्शकों को एक अविस्मरणीय सवारी पर ले जाएगा। पहला लुक पोस्टर और शीर्षक का खुलासा, जिसने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, नागा शौर्य को पहले कभी नहीं देखी गई छवि में दिखाता है– शांत, भयंकर और आत्मविश्वास से भरा हुआ। रमेश देसीना द्वारा निर्देशित, फिल्म तीव्र एक्शन दृश्यों से भरी एक मनोरंजक कहानी का वादा करती है, जो शौर्य को अपने प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ रूप में दिखाने के लिए एकदम सही मंच देती है। अपने नए किरदार बैड बॉय कार्तिक के साथ, नागा शौर्य अपने प्रशंसकों की अपेक्षाओं को पार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, एक ऐसे किरदार को जीवंत कर रहे हैं जो जितना स्टाइलिश है उतना ही शक्तिशाली भी है। फिल्म में दिग्गज झारिस जयराज का संगीत होगा, जिनकी संगीत रचनाएँ फिल्म की गहन कथा को पूरक बनाने की उम्मीद है। सिनेमैटोग्राफर रसूल एलोर और एडिटर कोटागिरी वेंकटेश्वराव की मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि बैड बॉय कार्तिक शानदार संपादन और शानदार दृश्यों के साथ एक शानदार दृश्य होगा जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। हमेशा भरोसेमंद रहे रामंजनेयुलु भी इस रोमांचक टीम का हिस्सा हैं, जो फिल्म की इंडस्ट्री में गेम–चेंजर बनने की क्षमता को और मजबूत करता है। फर्स्ट–लुक पोस्टर और शीर्षक के खुलासे से अपार प्रत्याशा पैदा हो रही है, सभी की निगाहें वैष्णवी फिल्म्स के इस रोमांचक नए उद्यम पर हैं। जब बैड बॉय कार्तिक सिल्वर स्क्रीन पर आएगा तो प्रशंसक भावनाओं, हाई–स्टेक ड्रामा और बड़े–से–बड़े एक्शन की रोलर–कोस्टर की उम्मीद कर सकते हैं। और उत्साह यहीं नहीं रुकता – नागा शौर्य राजा कोलुसु की नारी नारी नादुमा मुरारी, महेश एस कोनेरू की पुलिस वारी हेचरिका और एसएस अरुणाचलम की अनाम फिल्म

(एनएस24) जैसी कई अन्य बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में भी व्यस्त हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनकी उपस्थिति बॉक्स ऑफिस पर हावी रहेगी। एक सिनेमाई दावत के लिए तैयार हो जाइए जो एक्शन और स्टाइल को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है – बैड बॉय कार्तिक बस शुरुआत है!

# नागा चौतन्य और साई पल्लवी स्टारर थंडेल का गाना बुज्जी थल्ली हुआ रिलीज

साई पल्लवी और नागा चौतन्य अभिनीत बहुप्रतीक्षित रोमांटिक ड्रामा थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म के निर्माताओं ने लोकप्रिय सिंगल बुज्जी थल्ली का वीडियो जारी किया, जिसमें मुख्य किरदार राजू और सत्या के बीच पनपते रोमांस को दिखाया गया है। वीडियो में जोड़े के प्यार के शुरुआती दिनों के दिल को छू लेने वाले पलों और अलगाव की अवधि के दौरान जुड़े रहने के उनके प्रयासों को दिखाया गया है।जावेद अली की भावपूर्ण आवाज और श्री मणि के मार्मिक बोलों के साथ, बुज्जी थल्ली संगीत प्रेमियों के लिए जरूर सुनने लायक है। वीडियो गीत भी समुद्र की पृष्ठभूमि के साथ प्रमुख जोड़ी की केमिस्ट्री को गहन और मनमोहक तरीके से दर्शाता है। थंडेल का संगीत देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है, जबकि चंदू मोंडेती ने न केवल फिल्म का निर्देशन किया है, बल्कि कहानी भी लिखी है।थंडेल साई पल्लवी और नागा चौतन्य के बीच 2021 की सफल फिल्म लव स्टोरी के बाद दूसरी बार सहयोग कर रही है। यह फिल्म सुरम्य श्रीकाकुलम तट पर सेट की गई है और यह एक शानदार दृश्य होने का वादा करती है। प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, थंडेल फिल्म प्रेमियों के बीच काफी चर्चा बटोर रही है। फिल्म के नवीनतम एकल, नमो नमरू शिवाय को पहले ही यूट्यूब पर 4 मिलियन से अधिक बार



देखा जा चुका है, जबकि बुज्जी थल्ली के गीतात्मक वीडियो ने लगभग 50 मिलियन हिट प्राप्त किए हैं। थंडेल में एक प्रभावशाली कलाकार और क्रू है, जिसमें साई पल्लवी और नागा चौतन्य प्रमुख हैं। फिल्म का निर्माण बनी वास ने किया है और प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत किया गया है। छायांकन शमदत द्वारा संभाला गया है, जबकि श्रीनागेंद्र तंगला ने प्रोडक्शन डिजाइन का ध्यान रखा है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली संपादक हैं।

# बाक्स आफिस पर इमरजेंसी की हालत खस्ता, छठे दिन लाखों में सिमटी कमाई

कंगना रनौत ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा था। उन्हें उम्मीद थी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी सफल होगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया।आलम यह है कि फिल्म की रिलीज को अभी 5 दिन पूरे हुए हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती दिख रही है।पांचवं दिन के बाद छठे ही दिन इसकी कमाई लाखों में सिमट गई है।इमरजेसी ने पहले दिन 2.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 3.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।तीसरे दिन इमरजेसी ने 4.25 करोड़ रुपये तो चौथे दिन 1.05 करोड़ रुपये कमाए थे। पांचवें दिन फिल्म ने 1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेसी ने छठे दिन महज 85 लाख रुपये का कारोबार किया है। इसी के साथ फिल्म की 6 दिनों की कुल कमाई अब 13.25 करोड़ हो गई है।कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी।इसके बाद आई लव न्यू यॉर्क, कट्टी बट्टी, रंगून और सिमरन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं। 2019 में आई फिल्म मणिकर्णिका बॉक्स ऑफिस पर औसत साबित हुई।फिर कंगना



जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाईवी, धाकड़ और तेजस में दिीं, लेकिन उनकी ये तमाम फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं।कंगना ने इमरजेंसी में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक सहित कई कलाकार अहम भूमिका निभाते दिखे हैं।फिल्म में खासतौर से कंगना के काम की काफी तारीफ हो रही है। समीक्षकों ने भी कंगना और उनकी इस फिल्म की खूब तारीफ की है। हालांकि, टिकट खिड़की पर फिल्म कोई कमाल नहीं दिखा रही है।फिल्म की निर्माता–निर्देशक और लेखक कंगना ही हैं।दूसरी ओर इमरजेंसी के साथ रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म आजाद बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है।इसके जरिए जहां अजय के भांजे अमन देवगन ने बॉलीवुड में कदम रखा है, वहीं रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की भी यह पहली फिल्म है। आजाद ने रिलीज के छठे दिन 54 लाख का कारोबार किया है। इसी के साथ आजाद की 6 दिनों की कुल कमाई अब 6.38 करोड़ रुपये हो गई है।

# मानुषी छिल्लर को मां का पकाया राजमा चावल और खीर है पसंद

एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने हाल ही में अपनी सबसे पसंदीदा डिश का खुलासा किया, जिसे उनकी मां बड़े प्यार से पकाती हैं।पूर्व मिस वर्ल्ड ने अपने इंस्टाग्राम पर एक इंटरैक्टिव आस्क मी एनीथिंग सेशन आयोजित किया, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा अभिनेताओं, स्किनकेयर रूटीन के बारे में जानकारी शेयर की और ये भी बताया कि उनकी मां उनके लिए क्या पकाती हैं।मानुषी ने बताया, उनका पकाया राजमा चावल और खीर मुझे पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो उनकी हर चीज मुझे अच्छी लगती है।सम्राट पृथ्वीराज की एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित उनकी पसंदीदा एक्ट्रेस हैं जो उन्हें प्रेरित करती हैं।अपनी स्किनकेयर रूटीन के बारे में मानुषी ने बताया, सुबहरू हनी वॉश, सीरम, सनस्क्रीन। शामरू क्लींजिंग बाम, क्लींजर, सीरम, आई जेल और मॉइस्चराइजर।एक प्रशंसक ने पूछा कि क्या उन्हें छात्र जीवन की याद आती है। इस पर मानुषी ने जवाब दिया, मैं अभी भी एक स्टूडेंट हूं, बस एक अलग फील्ड में हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी स्टूडेंट होना बंद कर सकती हूंय यह हमेशा मेरे लिए स्वाभाविक रूप से रहा है।ऑपरेशन वैलेंटाइन की एक्ट्रेस ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में आशीर्वाद लेकर आध्यात्मिक तरीके से नए साल की शुरुआत की थी।काम की बात करें तो, छिल्लर ने ऐतिहासिक नाटक सम्राट पृथ्वीराज से अपने एक्टिंग की शुरुआत की,



जहां उन्होंने अक्षय कुमार के साथ साहसी और दृढ़ राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभाया। अपने सफल डेब्यू के बाद, मानुषी ने कई प्रोजेक्ट्स में काम किया, जिसमें ऑपरेशन वैलेंटाइन, द ग्रेट इंडियन फैमिली और बड़े मियां छोटे मियां शामिल हैं, जिसमें उन्होंने एक एक्ट्रेस के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।उनके भविष्य के प्रोजेक्ट की बात करें तो, मानुषी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर तेहरान में एक्टिंग के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन नवोदित अरुण गोपालन कर रहे हैं। इस फिल्म में जॉन अब्राहम भी हैं। यह रूस–यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही है।आगामी भू–राजनीतिक थ्रिलर दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष पर भारत का नजरिया पेश करेगी।

# पद्मावत की री–रिलीज तारीख में हुआ बदलाव, अब 6 फरवरी को पर्दे पर दिखेगी रानी पद्मावती के जौहर की गाथा ?

पिछले कुछ समय से बॉलीवुड में पुरानी फिल्मों को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है और खास बात यह है कि इससे मुनाफा भी हो रहा है।अब इसी कड़ी में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म पद्मावत सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देने वाली है।हालांकि, यह 24 जनवरी को पर्दे पर आने वाली थी, लेकिन अब इस फिल्म की रिलीज तारीख में बदलाव हुआ है।आइए जानें अब कब पर्दे पर आएगी फिल्म।साल 2017 में आई पद्मावत को रिलीज के 7 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा लाया जा रहा है। रानी पद्मावती के जौहर की महान गाथा को रुपहले पर्दे पर देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।फिल्म का एक पोस्टर जारी कर इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान हुआ है। पद्मावत अब 6 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी।पद्मावत के निर्देशक संजय लीला भंसाली हैं। शाहिद कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। पद्मावत अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। 2018 में जब पद्मावत रिलीज हुई तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया था। फिल्म की कहानी और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में काफी बढ़िया काम किया था।वहीं रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून के साथ हर किसी को हैरान कर दिया था। फिल्म की कहानी और संजय लीला भंसाली के निर्देशन ने फिल्म को सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया था। फिल्म को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं और कमेंट में जमकर अपने रिएक्शन दे रहे हैं।

# अपनी मां रविना टण्डन से नहीं बल्कि इस बालीवुड एक्ट्रेस से सीखी है

फिल्म में डांस नंबर उई अम्मा में राशा ने अपनी अदाकारी दिखाई, जो लोगों को काफी पसंद आ रही है। अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या इसके लिए उन्होंने अपनी मां से कुछ टिप्स लिए? इसके जवाब में उन्होंने कहा, श्मम्मा ने मुझे अपने गानों के बजाय हमेशा रेखा जी के गाने, उनकी परफॉर्मेंसेज दिखाई। मम्मी ने हमेशा यह सिखाया कि डांस में एक्सप्रेशन बहुत मायने रखता है।श

एक समय में बॉलीवुड पर राज करने वाली अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली नई हीरोइन हैं। राशा ने अभिनेता अजय देवगन की फिल्म श्आजादश से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की है। यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और दर्शकों से इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।दर्शकों को यह तो पता है कि श्आजादश से बॉलीवुड में एंट्री करने वाली राशा अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान राशा 12वीं की पढ़ाई कर रही थीं। राशा हमेशा से हीरोइन बनना चाहती थीं और 12वीं की पढ़ाई के दौरान ही उन्हें पहली फिल्म मिल गई थी। हालांकि, उनके लिए अपनी पहली फिल्म की शूटिंग आसान नहीं थी। एक्ट्रेस को शूटिंग के दौरान ही अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी भी करनी थी।राशा ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान परीक्षा की तैयारी करना काफी मुश्किल भरा समय था। उन्होंने कहा, श्मेरे माता–पिता हर चीज के लिए काफी सपोर्टिव हैं, लेकिन उन्होंने पहले ही कह दिया था कि तुम जो भी करना चाहो, हम तुम्हारा पूरा साथ देंगे, बस पढ़ाई कभी मत छोड़ना। उनके लिए यह काफी जरूरी था, इसलिए मैंने शूटिंग के साथ–साथ बोर्ड परीक्षा भी दी। हालांकि, दोनों को एक साथ मैनेज करना थोड़ा मुश्किल था क्योंकि कई बार ऐसा होता था कि मैं सुबह एग्जाम देने मुंबई आती, फिर शाम तक वापस भोपाल सेट पर अपना सीन शूट करने पहुंच जाती। ऐसे कई दिन थे, जो मुश्किल भरे थे। राशि ने बताया कि उन्हें बचपन में ही सिनेमा से प्यार हो गया था। उन्होंने कहा, श्जब मैं छोटी थी, तब मम्मा के साथ उनके सेट पर बहुत जाती थी। मैंने उन्हें कैमरे के सामने परफॉर्म करते हुए काफी देखा है और उनसे बहुत सीखा भी है। मम्मी को डांस करते या कैमरे के आगे एक्सप्रेशन देते हुए देखना मेरे लिए बहुत प्रेरित करने वाला था। इसलिए, जब मैं बड़ी हो रही थी, तब मुझे पता था ।

# 44 की उम्र में नहीं थमने का नाम ले रही श्वेता तिवारी की हाटनेस, रिवीलिंग गाउन पहन कैमरे के सामने दिए किलर पोज

टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा



ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध ा हो गए हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी और बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने स्टनिंग अवतार से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

# स्रोत पर आयकर की कटौती व संग्रहण हेतु सेमिनार का हुआ आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

विकास भवन सिद्धार्थ नगर के अम्बेडकर सभागार में वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार मौर्य की अपयक्षता में आयकर अधिकारी टीडीएस फैजाबाद ममता केसवानी द्वारा जनपद के आहरण एवं वितरण अधिकारियों के साथ स्रोत पर आयकर की कटौती व संग्रहण के विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया उक्त सेमिनार में स्रोत पर आयकर कटौती तथा कर कटौती के बाद उसका उचित समय में आयकर विभाग केंद्र सरकार के खाते में जमा करने, त्रैमासिक ई–फाइलिंग सही समय पर करने तथा अनुचित रिफंड लेने पर होने वाली कार्यवाहियों के बारे में बताया गया




सेमिनार में आयकर निरीक्षक श्री सचिन पटेल तथा कार्यालय अधीक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा ने आहरण एवं वितरण अधिकारियों के टीडीएस कटौती हेतु जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई तथा उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों व समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया उक्त बैठक में ै क्ड न्यायिक प्रियंका चौधरी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, ।त्ज्व, मत्स्य अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तथा अन्य विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय रैली को किया गया रवाना

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय रैली को जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर द्वारा छोटी बालिका नम्रता, उजाला द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया बेटी को पैदा होने दीजिए सम्भावनाओं को पख दीजिए बेटी है खिलखिलाता फूल, न करो भ्रूण लिग जाच की भूल आपके क्षेत्र में कोई व्यक्ति भ्रूण लिग जाच के कार्य में लिप्त है तो वाट्सएप न0–8005192696 पर सूचना दे आप भी जागरूक नागरिक का काम करे और बेटी बचाओ के महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० रजत कुमार चौरसिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० प्रशान्त मौर्या, समीर सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।




# खुशबू और रोशनी ने किया गुलाब वाटिका का लोकार्पण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

राजकीय उद्यान नौगढ़, सिद्धार्थनगर में तालाब का सौन्दर्गीकरण एवं गुलाब वाटिका का लाकार्पण माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की परीक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसौनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली खुशबू पुत्री हरीशचन्द्र एवं राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रोशनी पुत्री रमापति द्वारा लोकार्पण किया गया वर्तमान खुशबू पुत्री हरीशचन्द्र वर्तमान में जवाहर लाल नेहरू इन्टर कालेज नौगढ़ में कक्षा 11 की छात्रा है तथा रोशनी पुत्री रमापति राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में कक्षा 11 की छात्रा है जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर द्वारा दोनो लडकियों को बुके देकर स्वागत किया गया

जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर ने कहा कि राजकीय उद्यान नौगढ़ सिद्धार्थनगर में तालाब का सौन्दर्याकरण एवं गुलाब वाटिका का लाकार्पण हुआ है इससे यहां पर आने वाले लोगो को अच्छा अनुभवन होगा। इसके साथ ही यहां पर साफ–सफाई व्यवस्था रखना हम सभी लोगो की जिम्मेदारी है

# शीतला माता चौकियां का हुआ अलौकिक श्रृंगार

जौनपुर(आरएनएस )। शीतला माता चौकियां धाम का दिव्य श्रृंगार महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर छप्पन भोग लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस इशिता किशोर ने कहा कि माता शीतला चौकियां की कृपा से सबका कल्याण होता हैं और यहां दर्शन मात्र से ही हर मनोकामना पूरी होती हैं आज माता का दिव्य र्श्रृंगार अलौकिक छटा बिखरे रहा हैं । ने कहा कि सिद्धपीठ शीतला माता चौकियां धाम में लोगो की आस्था रहती हैं और दर्शन पूजन भजन बेमिसाल हैं। माता मंदिर के साथ सत्यनारायण मंदिर,माता काली माता, भैरव बाबा मंदिर बजरंग बली हनुमान मंदिर का भी दिव्य श्रृंगार किया गया है । पूरे धाम को लाइट, सजावट फूलों से बनाया गया है आज सुबह से ही हजारों भक्तों ने माता का मत्था टेका । मंदिर के मंहत विवेकानंद विवेक ने कहा कि इस बार भी मन्दिर ट्रस्ट द्वारा माता शीतला शृंगार दुर्गा सप्तशती पाठ भजन संस्कृति कार्यक्रम भंडारा आयोजित किया गया है। अनुरोध किया है कि चन्दा सिर्फ मंदिर समिति ट्रस्ट में ऑनलाइन कर सकते हैं। प्रबंधक अजय पंडा,मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष विकाश पंडा, राजेश श्रीवास्तव , आशीष माली, पुजारी लल्लन पंडा , पुजारी शिव कुमार पंडा, आदि मौजूद रहे।

# संत समागम व्यवस्था में सेवादल के १५ हजार सदस्य

'जौनपुर(आरएनएस )। जहां एक ओर देश और दुनिया में समाज हर प्रकार से संकीर्णता और तंगदिली के दायरों में बँटा हुआ है। वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन इन दीवारों को गिराकर विस्तार की ओर प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा के सानिध्य में महाराष्ट्र का ५८ वां वार्षिक निरंकारी संत समागम २४ से २६ जनवरी को पिंपरी, पुणे में आयोजित हो रहा है। स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि लगभग ३०० एकड़ क्षेत्र में सजने वाले भक्ति के इस महायज्ञ में देश और विदेशों से जहां लाखों श्रद्धालु भक्त और गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। वहीं जनपद जौनपुर से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त इस संत समागम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। इस निरंकारी संत समागम का सीधा प्रसारण भी पूरे विश्व में कई धर्म प्रेमी देख पाएंगे। समागम चौयरमैन शम्भुनाथ तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, कैंटीन, सहायता, पार्किंग, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सेवाओं को निभाने के लिए संत निरंकारी सेवादल के लगभग १५ हजार सदस्य समर्पित भावना से जुटे रहेंगे। तीनो दिन दोपहर २ बजे से रात ८:३० बजे तक मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अनेक विद्वान अपने भाव व्यक्त करेंगे और अनेक समर्पित संगीतज्ञों के माध्यम से भक्ति भाव की छटा बिखरेंगे जिसमे हर वर्ष आयु वर्ग के अनेक भाषा–भाषी शामिल होंगे। कलाकारों द्वारा एक अनूठी प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जहां मिशन के इतिहास, दर्शन, आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों का मनोरम चित्रण किया गया है। मिशन द्वारा प्रकाशित सभी पत्रिकाएं और पुस्तकें भी समागम में उपलब्ध होंगी। समागम के आयोजन में महाराष्ट्र राज्य की व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहेगा।

# राष्ट्रपति द्वारा उधमी विकास पोर्टल एवं गौरव सम्मान का किया गया वितरण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) पोर्टल का शुभारम्भ एवं उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024–25 का वितरण राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनन्दी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री उ०प्र० योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लखनऊ में किया गया जिसका लाइव प्रसारण लोहिया कलाभवन में दिखाया गया इसके पश्चात लोहिया कलाभवन में मा० विधायक बासी जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में द्वीप प्रज्ज्वलित कर श्उत्तर प्रदेश स्थापना दिवसश तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का विधायक बासी श्री जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जनप्रतिनिधिगण को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया शिवपति इन्टर कालेज शोहरतगढ़ द्वारा सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत कपिलवस्तु गीत एवं राजकीय कन्या इन्टर कालेज की छात्राओं द्वारा बाल विवाह पर नाटक प्रस्तुत किया गया। श्उत्तर प्रदेश दिवसश तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यकम के अवसर पर विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे उड़ान भर रही है उ०प्र० सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सफल है आज देश में बदलाव आ रहा है बेटिया किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नहीं है। पहले की अपेक्षा अब लोगो की सोच भी बदली है तथा बेटियों को हर क्षेत्र में छूट दी जा रही है तथा वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है भारत सरकारध्प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है लोग बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रही है सरकार द्वारा अनेक हेल्पलाइन नम्बर शुरू किया गया है जिससे किसी भी समय टोलफ्री नम्बरों पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकती है सरकार द्वारा दहेज रोधी विभिन्न कानून बनाये गये है कन्याओं को बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुमगला कन्या योजना लागू की गयी है आज सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब को पक्का घर देने का काम किया जा रहा है आज उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रदेश बनने के पथ पर अग्रसर है बच्चों को अच्छी शिक्षा दिये जाने के लिए स्कूला का कायाकल्प कराया गया है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को विभिन्न योजनाओ से बचित लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया गया है लोगो को विभिन्न योजनाओं से लाभान्धित किया गया है उनकी आय में वृद्धि करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है जनपद की स्वयं सहायता समूह



की महिलाओं द्वारा उद्योग स्थापित कर औसत बीसी सखी के रूप में आने आय में वृद्धि कर रही है परिवार के साथ साथ जनपद और प्रदेश को नई ऊंचाईयों पर ले जा रही है मुख्यमंत्री जी द्वारा टाटा से टाइअप कर युवाओं में कौशल विकास किया जा रहा है जिससे वह उद्योग स्थापित कर आय में वृद्धि करे एवं अन्य को रोजगार देकर लाभान्वित करेंगे विधायक बांसी ने सभी भी को उ०प्र० दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीमा० विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा ने श्उत्तर प्रदेश स्थापना दिवसश तथा राष्ट्रीय चालिका दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उ०प्र० राज्य स्थापना दिवस आज हम तथागत गौतम बुद्ध की धरती पर मना रहे है आज हमारी बेटियां केवल बेटिया ही नहीं मारत का भविष्य है भारत सरकारध्प्रदेश सरकार द्वारा बृहद स्तर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ अभियान बलाया जा रहा है मुख्यमंत्री जी द्वारा समाज के सभी वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाये आगे बढ़ रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ–साथ देश ध्प्रदेश को भी मजबूत कर रही है। इस जनपद के लोगों में प्रतिभाओं के लोग रहते है उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है सभी भी को उ०प्र० दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई और शुभकामनाए दी।मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम के विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरगतढ़ विनय वर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं मा० जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका अभिवादन कर आभार प्रकट किया गया तथा साथ ही साथ धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी एवं एफपीओ, स्वास्थ्य विभाग आशा, ए.एन. एम. खादी ग्रामोद्योग विभाग ग्राम प्रधान व उद्यमी, युवा कल्याण विभाग की कड्ध्डी प्रतियोगता में विजेता तथा उपविजेता को विधायक बासी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरगतढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा संकेतक चेक, प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र दिया गया।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि प्रिन्स, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० रजत कुमार चौरसिया, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गंगाधर दूबे लीडबैंक अधिकारी आर०के० सिन्हा जिला पर्यटन सूचना अधिकारी प्रिया सिंह, अधिकारी ध्कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्रध्छात्राओ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अध्यापको आदि की उपस्थिति रही।

# सहकार भारती की जिला कार्यकारिणी गठित

जौनपुर(आरएनएस )। सहकार भारती का 47 वां स्थापना दिवस समारोह एवं जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में नगर स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिलेश सिंह विभाग संयोजक काशी प्रांत, भारत माता एवं सहकार भारती के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मण राव के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा संस्था का मुख्य उद्देश्य जनता की आर्थिक सेवा द्वारा समाज का आर्थिक उत्थान करने वाली सहकारिता को शुद्ध करना एवं मजबूत बनाना है। जिला अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक गांव को सहकारिता से जोड़कर उसे समृद्धि करने की बात रखी गई। सहकार से समृद्धि का अर्थ है हर परिवार को सहकारिता के माध्यम से समृद्धि बनाना जिस देश समृद्धि बन सके! महामंत्री रजनी साहू ने बताया कि सहकार भारती की स्थापना संघ के प्रचारक स्वर्गीय लक्ष्मण राव इनामदार ने 1978 में किया आज देश के 27 राज्यों के 580 जिलों मे संगठन कार्य कर रहा है और 3 लाख से ज्यादा लोग इसके सदस्य हैं। महिला प्रमुख प्रीति गुप्ता ने बताया कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से समाज की महिलाओं का आर्थिक विकास कैसे हो रहा है और इसको कितना बेहतर बनाया जा सकता है इस पर अपने विचार रखें, । जिला अध्यक्ष ने नई जिला कार्यकारिणी में मनोज कुमार सिंह, रत्ती राम यादव, राजेश कुमार सिंह, सुनील मिश्रा, अवनीश सिंह, विमल श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, डॉ रविकांत सिंह, अतुल सिंह को जिला उपाध्यक्ष,श्रीमती रजनी सिंह को संपर्क प्रमुख एवं क्रमशः विपिन राय, प्रदीप सिंह, योगेश साहू, मनोज सिंह मोनू, भूपेंद्र सिंह, नवनीत श्रीवास्तव, मनीष सिंह सीपू, राजेश कुमार श्रीवास्तव, संदीप जायसवाल को जिला मंत्री घाोषित किया। संचालन विवेक सिंह ने किया।

# खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सुनी गई नारी संघ की समस्याएं

आजमगढ़( आरएनएस)ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अतरौलिया ब्लॉक के 15 ग्राम पंचायतों की महिलाओं एवं किशोरियों के साथ विधिक जागरूकता एवं ब्लॉक स्तरीय सेवा प्रदाताओं के साथ संवाद का आयोजन ब्लॉक सभागार अतरौलिया में किया गया । जिसके मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार, 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया से डॉ. एस.के. ध्रुव, सीएचसी से डॉ. शिवाजी सिंह, सीडीपीओ सीता यादव, बीआरसी अतरौलिया विनोद कुमार पांडेय, डीएलएसए से सी. एल. निगम, संदीप यादव, पुनीत यादव, विनय कुमार राव, एसआई जाफर अयूब, महिला पुलिस पिंकी पांडेय, अभिलाषा द्विवेदी उपस्थित रही। सर्वप्रथम संस्था सचिव राजदेव चतुर्वेदी जी द्वारा बताया गया कि हमारी संस्था ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान – ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत अतरौलिया ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायतों में हाशिए पर रहने वाली समुदायों की महिलाओं के साथ कार्य कर रही है। महिला पुलिस पिंकी पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बल देते हुए बताया कि 1966 में पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ लिया था तब से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है, महिलाओं के साथ कोई घटना होती है तो उसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं जैसे – 1090, 181, 112, 1098 हैं। बीआरसी से विनोद कुमार पांडेय जी द्वारा शिक्षा के अधिकार पर चर्चा करते हुए बताया गया कि आप अपने बच्चे का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाए जिसके तहत लॉटरी निकलने के बाद निजी विद्यालय में बच्चों का निःशुल्क दाखिला होता है, अगर बच्चे के एडमिशन करवाने में कोई भी समस्या आती है तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। सीडीपीओ सीता यादव द्वारा पोषण पर चर्चा करते हुए बताया गया कि हमारे विभाग की जिम्मेदारी महिलाओं।

और बच्चों की है। जिसमें समय पर आप गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों का पंजीकरण करवाए तथा बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र पर शालापूर्व शिक्षा के लिए भेजें। डॉ. शिवाजी सिंह द्वारा एनीमिया स्क्रीनिंग और वीएचएसएनडी पर चर्चा किया गया जिसमें बताया गया कि अपने अतरौलिया ब्लॉक में कुल 14 आरोग्य मंदिर बने है जहां पर सीएचओ रखे गए है जो एनीमिया स्क्रीनिंग के साथ एन सी डी से जुड़े अन्य सेवाएं देते है। 100 शैय्या अस्पताल से डॉ. एस. के. ध्रुव कुपोषण तथा बालिका के स्वास्थ्य पर चर्चा किया गया । डीएलएसए से सी. एल . निगम द्वारा महिला उत्पीड़न तथा उसके लिए सरकार द्वारा कानूनी सहायता के बारे में बताया गया । बचाव पक्ष के वकील संदीप कुमार द्वारा सुझाव दिया गया कि किसी लड़के लड़की की शादी के पहले थैलीसीमिया और एचआईवी का टेस्ट जरूर करवाएं तब ही अपने बच्चे की शादी करें। इसके बाद घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला हिंसा कानून पर चर्चा किया गया । खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि आप लोगों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए स्वयं के अंदर आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है, हमारे पास जितनी भी शिकायतें आई है कोशिश करेंगे कि हम उसका जल्द से जल्द समाधान कर सकें। सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है उसके कुछ नियम है और इन नियमों में बदलाव होता रहता है, जो भी योजनाएं संचालित है उसकी एक पात्रता की शर्त है और उस पात्रता की शर्त के अंतर्गत आप आते है तो उसका लाभ आपको जरूर मिलेगा । इस पूरे कार्यक्रम में संस्था कार्यकर्ता दिनेश, ज्योति, सविता, सुधा, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# मोबाइल टावर के रेडिएशन खतर का विरोध जताया

जौनपुर(आरएनएस )। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के पुरेसवा गांव में लगे मोबाइल टावर से निकलने वाली रेडिएशन ने स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डाल दिया है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि कृष्ण कुमार गुप्ता और संतोष कुमार गुप्ता ने लगभग 5–6 वर्ष पूर्व घनी आबादी वाले क्षेत्र में एक मोबाइल टावर की स्थापना की थी।पूर्व में लगे टावर रेडिएशन की परेशानी से उबर भी नही पाए थे तब तक एक और आबादी क्षेत्र में टावर लगाया जा रहा है।जिससे ग्रामीण काफी चिंतित है। ग्रामीणों ने टावर न लगाया जाए इसका विरोधा करते हुए कहा कि टावर से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन के कारण आसपास के लोगों में हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अस्थमा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में वृद्धि हुई है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो की मौत

आजमगढ़ (आरएनएस) गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रोहूआ मुस्तफाबाद नन्द पेट्रोल पंप के पास बृहस्पतिवार की रात्रि लगभग 10रू00 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उमरी श्री (गोमाडीह) गांव निवासी आशीष 23 वर्ष पुत्र जियालाल व रविंद्र नाथ 35 वर्ष पुत्र बनवारी गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर ले गई जहां डॉक्टरों ने आशीष और रविंद्र नाथ को मृत घोषित कर दिया गंभीरपुर पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनवाकर पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के आशीष 23 वर्ष पुत्र जियालाल व रविंद्र नाथ 35 वर्ष पुत्र बनवारी बृहस्पतिवार की रात्रि में बिंद्रा बाजार स्थित एक ढाबा पर बाइक से खाना खाने आए और रात्रि में लगभग 10रू00 बजे खाना खाकर वापस जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक नंद पेट्रोल पंप रोहूआ मुस्तफा बाद के पास पहुंची थी कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर लें गई जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। मृतक आशीष चार भाइयों में सबसे छोटा था व रविंद्र नाथ दो भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक आशीष के बड़े भाई पंकज पुत्र जियालाल ने अज्ञात के खिलाफ गंभीरपुर थाने में तहरीर दी है।मृतक रविन्द्र के 2 पुत्र अमन 13, आर्यन 7 व 2 पुत्री मुस्कान 11 ,गौरी 9 है। जानकारी के मुताबिक रविंद्र की माता मेवाती देवी का स्वास्थ्य अच्छा नहीं था

# स्मृति दिवस समारोह एवं माया प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के उद्घाटन में पहुंचेंगे आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ।

आजमगढ़रू(आरएनएस)अतरौलिया ब्लॉक के पूर्व इतिहास पुरुष स्व0 माया प्रसाद यादव की 21वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति दिवस समारोह एवं माया प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल बढ़या अतरौलिया आजमगढ़ का भव्य उद्घाटन 25 जनवरी दिन शनिवार को होगा। जिसके उद्घाटनकर्ता मा बलराम यादव पूर्व मंत्री, विधान परिषद सदस्यध् राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी तथा मुख्य अतिथि मा धर्मेंद्र यादव, सांसद आजमगढ़ रहेंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव ने दी। उन्होंने कहा कि जैसा की बिदित है कि 25 जनवरी 2004 से प्रति वर्ष हम लोग उनकी याद में स्मृति दिवस समारोह का आयोजन करते हैं। प्रत्येक वर्ष यह आयोजन समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हुआ करता था तथा आने वाले समय में भी जो आयोजन होगा वह कार्यालय पर ही होगा। इस बार उनकी स्मृति में एक विद्यालय का उद्घाटन होने जा रहा है जो इंग्लिश मीडियम विद्यालय है। उद्घाटन की वजह से अबकी बार यह कार्यक्रम बढ़या में आयोजित होना है, बढ़या में विद्यालय इसलिए खुला कि हमारे पूज्य पिताजी की शिक्षा दीक्षा इसी बढ़या गांव के अंदर हुई थी इसलिए मेरे मन में यह विचार लगातार आता था कि उनकी शिक्षा की वजह से जो भी विद्यालय बने वह बढ़या गांव में ही बने। यह मेरा जो सपना था वह तमाम साथियों के सहयोग से तथा मेरे पिताजी के जो साथ रहे कुछ लोग अब इस दुनिया में नहीं है उनकी स्मृतियों को प्रणाम करता हूं । जो इस कार्य के लिए मुझे प्रेरित करते थे। उन्होंने कहा कि लोगों से अपील करते हैं

# सपा ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती

जौनपुर (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में सांसद कार्यालय नईगंज पर भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, महान शिक्षाविद, महान राजनीतिक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलनों से लेकर बिहार के मुख्यमंत्रित्व काल तक और जीवन पर्यंत शोषित वंचित पीडीए समाज की लड़ाई लड़ते रहे। पिछड़ें को 26: आरक्षण देकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया। कहाकि सामाजिक आजादी के समय पटना में दिए उनके भाषण ने उस वक्त काफी सुर्खियां बटोरी थी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।